# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 14 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 13- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 98 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ `ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी

रानी मुखर्जी की फिल्म ‘मदार्नी-3’ का हुआ ऐलान ◀◀ 6







### बोकारो में भीषण सड़क दुर्घटना

# खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, 5 की मौत, 3 घायल



**मेट्रो रेज**

**रांची :** बोकारो-रामगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में तीन लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। दुर्घटना शुक्रवार देर शाम बोकारो के काश्मार थाना क्षेत्र के दांतू गांव के पास हुई। जहां कार एक खड़े ट्रक में जा घुसी। बेरमो अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) बीएन सिंह ने बताया कि चार पहिया वाहन ने सड़क जाम में फंसे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। चार पहिया वाहन में करीब आठ लोग सवार थे, जिनमें से पांच लोगों की मौत हो गई। सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि कुल आठ लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से पांच मृत अवस्था में थे। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से पहले सड़क पर एक और दुर्घटना हुई थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर रखा था।

## बाइक दुर्घटना में दो की मौत ,रोड जाम

**मेट्रो रेज**

**पलामू :** जिले में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत के बाद लोगों ने रोड जाम कर दिया। दुर्घटना जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-छतरपुर मुख्य पथ पर ऊपरी कला गांव के पास हुई।

**2 की मौत, 2 गंभीरः** लोगों ने बताया कि बाइक दुर्घटना में नाबालिग सहित 2 लोगों की मौत हो गयी। 2 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना सुबह 8:30 बजे के करीब हुई। 17 साल के आदिल और बिट्टू कुमार छतरपुर जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दोनों की मौत हो गई।

**प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को कर दिया रेफरः** दुर्घटना में दूसरी बाइक से विपरीत दिशा से आ रहे दीपक कुमार (22) और रानी कुमारी (23) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल हुए दोनों लोगों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों उन्हें रेफर कर दिया।



### परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर रोड किया जाम

सूचना मिलने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और घायलों के परिजनों ने सड़क जाम कर दी है। सूचना मिलने पर हुसैनाबाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम हटाने का पुलिस प्रयास कर रही है।

### लालकृष्ण आडवाणी अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि आडवाणी चिकित्सकों की निगरानी में हैं और उनकी हालत स्थिर है। वह न्यूरोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में हैं। पूर्व उप प्रधानमंत्री (96) को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उन्हें इस साल की शुरूआत में भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि आडवाणी को अभी अस्पताल में क्यों भर्ती कराया गया है।

## सीएम ने पत्नी संग बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा



**देवघर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी व विधायक कल्पना सोरेन ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और विधायक ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर झारखंड की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की कामना की। देवघर एयरपोर्ट पर सीएम का भव्य स्वागत, गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया देवघर एयरपोर्ट पर हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर सारठ के विधायक उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आईजी क्रांति कुमार, डीआईजी संजीव कुमार, उपायुक्त विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट परिसर में जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्यमंत्री का यह दौरा झारखंड वासियों के लिए विशेष महत्व रखता है। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दो दिवसीय संथाल परगना दौरे पर हैं। सीएम का यह दौरा धार्मिक, प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसे इसलिए भी खास माना जा है, क्योंकि नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री का यह पहला संथाल परगना दौरा है।

### किसान और पुलिस आमने- सामने, दिल्ली जाने पर अडिग किसानों पर पानी की बौछार

# पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, एक घायल

**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसान फरवरी से अपनी मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर बैठे हैं। किसान दो बार दिल्ली कूच का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन दोनों बार हरियाणा पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया था। आज फिर किसान दिल्ली की तरफ कूच कर रहे हैं।

**किसानों में भगदड़ :** पुलिस की कार्रवाई से किसानों में भगदड़ मच गई है। कई किसानों के घायल होने की सूचना है। किसान नंता सरवण सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि पुलिस की तरफ से गंदा पानी फेंका जा रहा है। केमिकल वाला स्प्रे किया जा रहा है।




**किसानों पर वाटर कैनन का प्रयोग :** पुलिस ने किसानों पर वाटर कैनन का प्रयोग किया है। इसके अलावा आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। इसमें एक किसान घायल हो गया है।

**किसान-पुलिस फिर आमने-सामनेः** किसान आगे जाने के लिए रास्ता मांग रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि किसान दिल्ली जाने की अनुमति दिखाएं और आगे जाएं।

### जात-पात से ऊपर उठ कर करें किसानों का समर्थन : बजरंग पूनिया

शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस नेता और पहलवान बजरंग पूनिया सुबह 10 बजे करनाल पहुंचे। उन्होंने किसान को समर्थन देने का एक दिन पहले ही ऐलान कर दिया था। करनाल पहुंचे बजरंग पूनिया ने कहा कि हमें जात-पात से ऊपर उठ कर किसानों का साथ देना चाहिए। क्योंकि किसान देश का अन्नदाता है और हम लोग जो अनाज खाते है। उस अनाज को किसान खेतों में कड़ी मेहनत कर के उगाता है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसलों का न्यूनतम दाम मांग रहे है। हरियाणा के किसानों को लेकर उन्होंने कहा कि नोएडा व गाजीपुर बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर बैठे है। हरियाणा सरकार को लेकर कहा कि हर साल 12000 किसान आत्महत्या करते है । क्योंकि कि किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा। जितनी उनकी लागत होती है वो भी उनको नहीं मिल रहा है। सरकार को यह आंकड़े देख कर किसानों की मांगों को पूरा करना चाहिए ताकि किसान आज के समय में आत्महत्या करने पर मजबूर न हो।

# धनबाद के बाबूडीह बस्ती में अपराधियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, ग्रामीणों में दहशत

### घटनास्थल से कारतूस का खोखा बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**मेट्रो रेज**

**धनबाद :** जिले के बाबूडीह बस्ती में अंधाधुंध फायरिंग से लोगों में दहशत फैल गई। घटना धर्माबाद ओपी के अंतर्गत बाबूडीह बस्ती की है। शुक्रवार की रात दर्जनों अज्ञात अपराधियों ने आधा दर्जन फायरिंग करके गांव में दहशत फैला दी।

फायरिंग करने के बाद जाते-जाते गांव में खड़ी सुभाष सिंह की स्विफ्ट डिजायर कार को जला दिया। गोली की तड़तड़ाहट सुनकर एक व्यक्ति अपने घर से बाहर निकला, तो अपराधियों ने उसकी कनपट्टी में रिवॉल्वर सटा दी। धमकी दी कि अंदर नहीं गए, तो गोली मार देंगे।



**शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया**

अपराधियों की धमकी के बाद वह शख्स डरकर घर में चला गया। कुछ देर बाद उसने शोर मचाना शुरू किया। कुछ ही देर में सभी गांव वाले जाग गये। सबसे पहले गाड़ी में लगी आग को बुझाया गया। फिर सभी मिलकर अपराधियों की खोजबीन करने लगे। हालांकि, तब तक अपराधी गांव से निकल चुके थे। बाद में ग्रामीणों ने धर्माबाद पुलिस को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद पुलिस पदाधिकारी दल-बल के बाद साथ बाबूडीह बस्ती पहंचे। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बाघिन जीनत के आतंक से कर्फ्यू जैसे हालात, ग्रामीणों में दहशत

**मेट्रो रेज**

**सेबारीपदा/जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के चाकुलिया प्रखंड के कई गांवों में पिछले चार-पांच दिनों से बाघिन जीनत के डर से कर्फ्यू जैसे हालात हैं। मयूरभंज जिले के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व (एसटीआर) से झारखंड क्षेत्र में भटक कर आई बाघिन को पड़ोसी राज्य के चियाबांदी जंगल में देखा गया है, लेकिन उसे पकड़ने के प्रयास अब तक असफल रहे हैं। वन विभाग के



अनुसार, जीनत कथित तौर पर भूखी है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि मौका मिलने पर वह इंसानों पर हमला कर सकती है। घाटशिला अनुमंडल प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 11 दिसंबर से चियाबांदी, पंद्रासाली, धादिका और खरबंधा गांवों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है, जिससे इलाके में लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। चियाबांदी में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जबकि पड़ोसी गांवों के अभिभावक डर के कारण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। इलाके के 20 किलोमीटर के दायरे में दहशत फैल गई है। बाघिन को पकड़ने के प्रयास में वन विभाग ने बुधवार को चियाबांदी जंगल में एक भैंस को चारा के रूप में बांधा। गुरुवार की सुबह, जीनत ने भैंस पर हमला किया, लेकिन उसे बेहोश करने के लिए ट्रैंक्विलाइजर डार्ट का इस्तेमाल करने के प्रयास विफल हो गए, क्योंकि गोली निशाने पर नहीं लगी और वह जंगल में भाग गई। जीनत को एक अन्य बाघिन जमुना के साथ अक्टूबर-नवंबर में महाराष्ट्र के ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) से एसटीआर में स्थानांतरित किया गया था। एक नरम बाड़े में 10 दिन बिताने के बाद, जीनत को 24 नवंबर को सिमलीपाल उत्तर के मुख्य क्षेत्र में छोड़ दिया गया। वह सोमवार रात रिजर्व से बाहर निकल गई और गुड़ाबांदा, चाकुलिया नयाग्राम और राजाबासा होते हुए झारखंड के चियाबांदी जंगल में पहुंचने के लिए लगभग 35 किमी की दूरी तय की। रेडियो कॉलर और जीपीएस का उपयोग करके बाघिन पर नजर रखी जा रही है। उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 20 वन कर्मियों की एक टीम तैनात की गई है, और उसे सुरक्षित रूप से पकड़ने और सिमलीपाल वापस लाने की रणनीति बनाने के लिए झारखंड और ओडिशा सरकारों के बीच चर्चा चल रही है। एसटीआर के फील्ड डायरेक्टर प्रकाश चंद गोगिनेनी ने पुष्टि की कि जीनत को उसके प्राकृतिक आवास में वापस लाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। दोनों राज्यों के वन विभाग उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थानीय समुदायों के लिए जोखिम कम करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

## डीटीओ ने 15 भारी वाहनों से वसूला 4.22 लाख जुर्माना



**रामगढ़:** जिले में परिवहन व्यवस्था सुगम बनाने व ओवरलोडिंग रोकने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मनीषा वत्स के नेतृत्व में गुरुवार व शुक्रवार को वाहन जांच अभियान चालया गया। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान भारी वाहनों से कुल 422153 रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ ने भारी मालवाहक समेत अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस व प्रदूषण सर्टिफिकेट, वाहन के चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग समेत वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की। दो दिनों में कुल 30 से 35 बड़े वाहनों की जांच की गई। इनमें 15 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों से जुर्माना वसूल किया गया। डीटीओ ने बताया कि 15 बड़े वाहनों के पेपर, फिटनेस, टैक्स आदि फेल थे। कुछ ओवरलोड, तो कुछ ओवरहाइट मिले, कुछ पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगे थे। जांच के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, डीएल, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई। डीटीओ ने अभिभावकों से 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने नहीं देने और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है उन्हें वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन करने की अपील की।

## मजदूर नेता की पहल पर जर्जर सड़क की हुई मरम्मत

**खलारी:** चूरी परियोजना गेट से लेकर चूरी कॉलोनी तक जर्जर हो चुकी मुख्य सड़क की मरम्मत  मजदूर नेता सोनू पांडेय की पहल पर की गयी। लगभग डेढ़ किलोमीटर के इस रास्ते में दर्जनों जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। इसके कारण दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन को आना जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इस जर्जर सड़क के कारण स्कूल बस बच्चों को लेने चूरी तक नहीं पहुंच पाता था। चूरी खेल मैदान में ही बस को खड़ा रखना पड़ता था और बच्चे वहां जाकर बस पर चढ़ते थे। इसकी जानकारी मिलने पर मजदूर नेता सोनू पांडेय चूरी परियोजना के अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें सारी समस्या बताई और जर्जर सड़क को दुरुस्त करने की मांग की। इसके बाद प्रबंधन के द्वारा पत्थर, मिट्टी डालकर सड़क को दुरुस्त किया गया। इस संबंध में सोनू पांडेय ने बताया कि कॉलोनी के इस रोड में लगातार बड़े वाहनों का परिचालन हो रहा है जिसके कारण सड़क जर्जर हो जा रही है। हाईवा, ट्रक के अलावा रात में फ्लाई ऐश लदी गाड़ियां भी आना जाना करती हैं। जिसके कारण कॉलोनी भी प्रदूषित होते जा रहा है। उन्होंने परियोजना प्रबंधन से बैरियर लगाकर इस सड़क पर बड़े वाहनों के परिचालन पर भी रोक लगाने की मांग की है।

## जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर,175 मरीजों की हुई जांच

**रांची:** राजधानी रांची के काँके नगड़ी बस्ती में जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा एक निःशुल्क लेप्रोसी  (चर्म रोग) सहित अन्य बीमारियों को लेकर जांच शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 175 मरीजों की जांच की गयी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर चर्म रोग, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया।

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों  के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ। रत्नेश जैन; सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज, डॉ। प्रीती तिग्गा; डॉ। अनीता होरो; डॉ। अम्बरीष कुमार; डॉ। दीपाली रमेश समरीत, डॉ। प्रियंका झा; डॉ। शिल्पी झा; डॉ। अंशु  एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## 50 टीबी मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड में स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीएसआर विभाग हिण्डाल्को द्वारा सिल्ली प्रखंड के 50 टीबी मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया। इसके लिए जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने हिण्डाल्को के इस प्रयास को सराहते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हिण्डाल्को के एआर अरूण राय ने कहा कि ऐसे कार्य के लिए हमलोग प्रतिबद्ध है आगे भी समाज के कल्याण के लिए काम करते रहेंगे। इस मौके पर डॉ प्रियंका कुमारी, सीएसआर अनिल सिंह समेत दर्जनों सहयोगी मौजूद थे।

## पूर्व पार्षदों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा, निगम चुनाव कराने की मांग



**रांची :** रांची नगर निगम के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा, अर्जुन राम, विनोद कुमार सिंह, भरी लिंडा आदि पूर्व पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल से मिले। प्रतिनिधमंडल ने उन्होंने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि रांची नगर निगम का कार्यकाल अप्रैल 2023 में ही समाप्त हो गया है। उसके बाद से मेयर, डिप्टी मेयर एवं पार्षदों के सारे पद रिक्त हैं। बताया कि समूचे शहर में कचरे का अंबार फैला है, हजारों की संख्या में स्ट्रीट लाइटे बंद पड़ी हैं, निगम की व्यवस्था चरमरा गई है। बताया कि झारखंड प्रदेश में करीब 12 नगर निकाय में 2020 से ही चुनाव लंबित हैं। जबकि पड़ोसी राज्य बिहार और मध्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग को आरक्षण देते हुए चुनाव करा ली गई है। उन्होंने सभी बातों पर संवैधानिक लेते हुए जल्द चुनाव कराने के लिये राज्य सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें।

# शॉर्ट सर्किट से सरकारी अस्पताल में लगी आग, जीएनएम ने 8 नवजात की बचाई जान

### मशीन में आग लगने के बाद हुआ ब्लास्ट

### मौके पर उपस्थित दो जीएनएम ने बहादुरी का परिचय देते हुए सभी नवजातों की बचाई जान

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची/पलामू:** पलामू के एक सरकारी अस्पताल में विस्फोट के बाद आग लग गई। उस वक्त अस्पताल के स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में 8 नवजात इलाजरत थे। आग लगने के बाद जीएनएम ने बहादुरी का परिचय देते हुए सभी 8 नवजात को सुरक्षित निकाल लिया।



पलामू के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में हाई फ्लो मशीन में लगी आगः घटना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब 1:30 बजे हुई। पलामू जिले के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एसएनसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट की वजह से हाई फ्लो मशीन में आग लग गयी। उस वक्त जीएनएम ममता त्रिशूल और दयानी ओरिया ड्यूटी पर थीं।

जीएनएम ने 8 बच्चों को समय पर सुरक्षित निकालाः इन दोनों जीएनएम ने बहादुरी का परिचय दिया और सभी 8 बच्चों को समय सुरक्षित निकाल लिया। जीएनएम ममता त्रिशूल ने बताया कि रात 1:30 बजे के करीब विस्फोट की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वह दौड़ते हुए एसएनसीयू वार्ड में पहुंचीं। देखा कि हाई फ्लो मशीन में आग लगी है।सभी 8 बच्चों को लेबर वार्ड में शिफ्ट कर लगाया ऑक्सीजनः ममता ने दयानी के साथ मिलकर सभी नवजात को सुरक्षित निकाला। दोनों ने 4-4 बच्चों को एक साथ उठाया और उन्हें लेकर बाहर निकल गईं। सभी 8 नवजात को लेबर वार्ड में ले गईं और ऑक्सीजन लगाया। फिर वाटर कंटेनर की मदद से तुरंत आग पर काबू पाया गया। समय रहते तुरंत कार्रवाई नहीं की जाती, तो इलाजरत बच्चों की जान जा सकती थी।2 घंटे बाद एसएनसीयू वार्ड में शिफ्ट किया गयाः आग लगने के तुरंत बाद इसकी सूचना डॉ रजी और सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह को दी गई। दोनों रात में अस्पताल पहुंचे। 2 घंटे बाद सभी 8 बच्चों को एसएनसीयू वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। आग लगने की वजह से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कथित गड़बड़ी मामला

# पुलिस ने बोकारो से एक व्यक्ति को पकड़ा

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी मामले में बोकारो से एक व्यक्ति की पकड़े जाने की खबर है। पकड़े गये व्यक्ति को रांची के नामकुम थाना में रखा गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है। गौरतलब है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट रद्द करने के खिलाफ छात्र आंदोलन कर रहे हैं। रविवार (15 दिसंबर) को राजधानी में 5 हजार अभ्यर्थी जुटने वाले हैं। परीक्षार्थी रिजल्ट रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित गड़बड़ियों की जांच का आदेश दे दिया है। इसके बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग ने परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच सीआईडी को करने का अ'२ङ्ग र्फी - उँल्लुंः पिकनिक मनाने के दौरान नदी में डूबने से 2 मासूम भाइयों की मौत आदेश दिया है। बता दें



कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने संयुक्त स्नातक (सीजीएल) परीक्षा आयोजित की थी। गत 4 दिसंबर को जेएसएससी ने रिजल्ट भी जारी कर दी है। जिसके बाद राज्य भर में अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया और परीक्षा व रिजल्ट में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए रिजल्ट को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। परीक्षा और रिजल्ट में गड़बड़ियों को लेकर जो आरोप लग रहे हैं, उसमें सबसे पहला आरोप यह है कि पहले दिन (21 सितंबर) जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया, उनमें से बहुत कम सफल हुए हैं, जबकि जिन अभ्यर्थियों ने दूसरे दिन (22 सितंबर) को परीक्षा दिया, उनमें से अधिकांश को सफल घोषित किया गया। सफल अभ्यर्थियों में पहले व दूसरे दिन परीक्षा देने वालों की संख्या में भारी अंतर है।

# 50 लाख का अवैध शराब लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

### अंग्रेजी शराब की सात हजार बोतलें जब्त, निरसा की ओर से आ रहे ट्रक को संदेह के आधार पर पकड़ा गया

मेट्रो रेज संवाददाता

**गोविंदपुर:** गोविंदपुर थाना के समीप जीटी रोड पर पुलिस ने 50 लाख की अवैध शराब लदा एक ट्रक जब्त किया है। नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक से सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली के नेतृत्व में गोविंदपुर थाना के सामने गुरुवार की रात सघन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इस दौरान निरसा की ओर से आ रहे टाटा ट्रक (बीआर01जी1552) को पुलिस



ने संदेह के आधार पर पकड़ा।

ट्रक पर खाद्य सामग्री भी लदे थे : इसमें 295 पेटी अवैध शराब रखकर ऊपर और नीचे 12 बोरी मूढ़ी और 81 सफेद बोरी में चिप्स जैसे खाद्य पदार्थ रख दिया गया था। पुलिस को देखकर चालक बलवीर सिंह भागने की कोशिश करने लगा। इस बीच पुलिस दल ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। चालक ने पुलिस को कोई कागज नहीं दिखाया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर ट्रक जब्त कर लिया। ट्रक में कुल 7000 बोतल अंग्रेजी शराब थी। पुलिस ने एक एंड्राइड मोबाइल भी जब्त किया है। मौके पर डीएसपी शंकर कामती, पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली मौजूद थे। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश प्रसाद मेहता, बिरजू राम, शैलेंद्र कुमार , गुरु दयाल सबर, मैथ्यू एक्का, तुफैल खान व गौरव कुमार शामिल थे।

# ड्रेस कोड के प्रशासनिक आदेश की धज्जियां उड़ा रहे ऑटो-टोटो चालक

मेट्रो रेज संवाददाता

**धनबाद:** पिछले कुछ समय से शहर में ऑटो और टोटो चालक ड्रेस कोड के प्रशासनिक आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऑटो चालक खाकी व टोटो चालक नीले रंग की वर्दी पहननी है, लेकिन इस आदेश का शहर के अधिकांश चालक उल्लंघन कर रहे हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहा है। प्रशासनिक आदेश जारी करने के कुछ दिनों तक परिवहन विभाग ने अभियान भी चलाया। इस दौरान अधिकांश चालक वर्दी पहनने थे। बाद में विभाग के सुस्त रवैये के बाद जांच अभियान बंद हो गया। बाद में ऑटो व टोटो चालकों ने भी वर्दी पहननी छोड़ दी।

ड्रेस कोड का पालन करने पर साथी चालक ही उड़ाते हैं मजाक :

ऑटो व टोटो चालकों से ड्रेस कोड को लेकर बात करने पर उन्होंने बताया कि वे वर्दी पहनना, तो चाहते हैं। मगर उनके कुछ



साथी ही उनका मजाक उड़ाते हैं। उन्हें डरपोक कर चिढ़ाया जाता है। इस वजह से बाकी चालकों की तरह वह भी वर्दी नहीं पहनते हैं।

सड़क पर टोटो दौड़ाते हैं नाबालिग : शहर सड़क पर बगैर वर्दी के नाबालिग भी टोटो दौड़ाते हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नाबालिग न केवल अपनी, बल्कि अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में डाल रहे हैं। उसको लेकर भी प्रशासन द्वारा कोई कारवाई नहीं की जा रही है। इससे चालकों के मन में प्रशासन का डर नहीं दिखता है।

## डकरा परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया

मेट्रो रेज संवाददाता

**डकराः** डकरा परियोजना में शुक्रवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया।

अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह व संचालन संजय कुमार सिन्हा ने किया निरीक्षण दल में डीडीएमएस धनंजय कुमार और करमा परियोजना से आये कन्वेनर पीएस देव, आरपी पासवान, रौशन कुमार,मुरली मनोहर, घनश्याम कुमार, जेके जॉन, शुभम सिंह और आइएसओ के मनीष मोहन सीएमएओआइ के सचिव लोकनाथ राणा उपस्थित थे। । कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कर किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर की छात्राओं द्वारा संस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं झारखंड फिल्म थियेटर एकेडमी के कलाकारों द्वारा सुरक्षा संबंधित नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुरक्षित कार्य करने वाले दर्जनों कामगारों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर शैलेश कुमार, डीपी सिंह, उमाकांत सिंह, सुनील कुमार सिंह धीरज कुमार सिंह, ध्वजा राम धोबी, प्रकाश गहलोत, देवपाल मुंडा व अन्य मौजूद थे।

### बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा ने सरकार पर बोला हमला

# पिछली भाजपा सरकार ने उग्रवादियों पर नकेल कसा था

मेट्रो रेज संवाददाता

रांचीः झारखंड भाजपा के कार्यवाहक अध्यक्ष और पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है।  राज्य कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री राय ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार और चतरा जैसे जिलों में हाल की घटनाएं  जंगल राज  की वापसी का संकेत देती हैं।राय ने पांच से छह दिनों के भीतर चाईबासा में कई हत्याओं सहित हिंसक घटनाओं में वृद्धि को उजागर किया। उन्होंने कहा, ये घटनाएं शर्मनाक हैं। निर्दोष ग्रामीणों को चरमपंथियों ने निशाना बनाया जबकि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।  इस निष्क्रियता ने युवाओं को आत्मरक्षा के लिए हथियार उठाने के लिए मजबूर




किया है। रिपोर्ट में कई लोगों के हताहत होने की बात कही गई है। भाजपा नेता ने अन्य खतरनाक घटनाओं की ओर भी इशारा किया - रेत खदान पर वर्चस्व को लेकर झड़पों के दौरान पूर्वी सिंहभूम में दो व्यक्तियों की हत्या, लातेहार में रेलवे ठेकेदारों के वाहनों को निशाना बनाकर आगजनी और रांची-चतरा सीमा पर एक व्यक्ति की नृशंस हत्या। उन्होंने स्थिति की तुलना राजद के शासन में बिहार में  जंगल राज से की, जहां अनियंत्रित उग्रवाद और अराजकता व्याप्त थी। अतीत को याद करते हुए, राय ने कहा,  जब झारखंड  को वर्ष 2000 में बिहार से अलग किया गया था, तो इस क्षेत्र को माओवादी खतरा विरासत में मिला था, जो बिहार के राजद शासन में पनपा था। उस अवधि के दौरान, सांसदों, विधायकों और यहां तक ??कि एक पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की हत्या जैसे अपराध बड़े पैमाने पर होते थे। उद्योगपतियों और व्यापारियों से लेवी वसूली आम बात हो गई थी। केंद्र और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों के ठोस प्रयासों से ही उग्रवाद पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सका। राय ने उग्रवाद पर नकेल कसने के लिए पिछली भाजपा सरकारों की सराहना की, इस बात पर जोर देते हुए कि कई उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, सुरक्षा बलों द्वारा उन्हें निष्प्रभावी कर दिया गया, या वे झारखंड से भाग गए। उन्होंने कहा,  उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया और उनकी गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा दिया गया। हालांकि, रे ने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान प्रशासन के तहत संगठित अपराध और उग्रवाद फिर से बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया,  ग्रामीण समुदायों को आत्मरक्षा के लिए हथियार उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और कुछ ने उग्रवादियों के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई का सहारा लिया है। ग्रामीण अपनी जान और संपत्ति की रक्षा के लिए रात भर जाग रहे हैं, उन्हें डर है कि सरकार उनके आत्मरक्षा प्रयासों के लिए उन्हें दंडित करेगी।  भाजपा नेता ने उग्रवादियों पर रेत खदानों, कोयला खदानों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से पैसे वसूलने के लिए जनता और व्यापारियों को डराने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में 24 सड़कों को असुरक्षित घोषित कर दिया है, जो बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति का स्पष्ट प्रमाण है।  राय ने मांग की कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को बहाल करने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करे। उन्होंने आग्रह किया,  सरकार को सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए और कानून का शासन फिर से स्थापित करना सुनिश्चित करना चाहिए।

### छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में मुख्यमंत्री ने स्वतः लिया संज्ञान

# कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया है। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के अधिकारी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे हैं।



**मनचले बच्चियों के साथ करते हैं बदसलूकी:** गौरतलब है कि बीते दिनों से रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर मनचले बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे हैं। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते हैं। इस डर से बच्चियों ने स्कूल आना बंद कर दिया है। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे। पर कोई कारवाई नहीं की गयी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बदमाश लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है। मनचलों ने छात्राओं को कहा है कि हम रोज आयेंगे। जिससे लड़कियां स्कूल आने से डर रही है।

## 70 हजार घूस लेने के आरोपी देवघर सिविल सर्जन रंजन सिन्हा को बेल

**रांची :** 70 हजार घूस लेने के आरोप में जेल में बंद देवघर के सिविल सर्जन रंजन सिन्हा को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने दस-दस हजार के दो निजी मुचलकों पर रंजन सिन्हा को बेल दी है। रंजन सिन्हा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अवनिश शेखर ने बहस की। दरअसल 17




अक्टूबर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने देवघर के सिविल सर्जन डॉ। रंजन सिन्हा को 70 हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपों के मुताबिक, उन्होंने नर्सिंग होम का लाइसेंस रेन्यूअल कराने के नाम पर घूस की मांगी थी।

### चंद्रप्रकाश ने लोकसभा में पूछा-

## कुड़मी को एसटी की सूची में क्यों नहीं किया गया शामिल

मेट्रो रेज



रांची/ नई दिल्लीः आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 377 नियम के तहत लोकसभा में केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम से यह जानना चाहा है कि किन कारणों से कुड़मी समुदाय को 1931 के ट्राइब्स में शामिल होने के बावजूद 1950 में शेड्यूल ट्राइब्स नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि अखंड भारत में पहले हुए जनगणना में ही कुड़मियों/कुरमी को झाड़ी ट्राइब्स और वुड ट्राइब्स चिन्हित किया गया था। इस जनगणना के बाद ही वृहद छोटानागपुर शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट घोषित कर शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874 पारित किया गया था, जो 25 नवंबर 1949 तक लागू था। इस वृहद छोटा नागपुर में कुड़मी जनजाति की आबादी सभी जनजाति से अधिक था। बिहार उड़ीसा प्रांत बनने के पूर्व ही छोटा नागपुर टेंडेंसी एक्ट 1908 पारित किया गया जिसमें कुड़मी को आदिवासी रैयत कहा गया था। 1911 के जनगणना में कुड़मी को आदिवासी लिखा गया और 1913 में कुड़मी आदिवासी रैयत होने के कारण अन्य 12 जनजाति के साथ इन्हें भी भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1865 से अलग रखा गया, क्योंकि यह सभी जनजाति का अपना-अपना कस्टम है और उसी से यह लोग गाइड होते हैं। ट्राइब्स लोगों का वही एकमात्र पहला और अंतिम कस्टम नोटिफिकेशन है। 1950 में जिस तरह से 1931 के ट्राइब्स को ही शेड्यूल ट्राइब्स बनाया गया, परंतु सभी ट्राइब्स को आज तक शेड्यूल ट्राइब्स नहीं बनाया गया है।

### समाचार सार

## झारखंड आंदोलनकारी की विशेष बैठक कल

**रांचीः** झारखंड आंदोलनकारियों की एक विशेष बैठक रविवार 15 दिसंबर 2024 को राजधानी रांची के कचहरी चौक स्थित आरटीआई बिल्डिंग में धरती धन के ऊपर आयोजित की गई है। बैठक में आंदोलनकारियों के साथ हो रहे षडयंत्रों का खुलासा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी मानव घोष दसतीदार और युवा तुर्क नेता प्रभाकर तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। झारखंड आंदोलनकारियों से अनुरोध है कि वे आंदोलन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी या समस्या के समाधान के लिए बैठक में उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य विचार दे कर बैठक को सफल बनाएं।

## शहिद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह समारोह समिति का चुनाव संपन्न

**रांचीः** आईएसएम चौक पुंदाग रांची में शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमराव समारोह समिति की बैठक नेजामुदीं‍न मस्तान बाबा की अध्यक्षता में हुई । इस दौरान समिति का चुनाव किया गया । मुख्य संरक्षक एजाज अंसारी ,इरफान अहमद, आफताब हुसैन , शोएब आलम और जाबिर हुसैन बनाए गए। एनामुल हक अध्यक्ष, मजहर हुसैन व इश्तियाक अंसारी कार्यकारी अध्यक्ष ,कुदूस अंसारी उपाध्यक्ष, बिंदे मुंडा प्रधान महासचिव, जुल्फाम अंसारी व एनायत हुसैन महासचिव एवं अफरोज अंसारी व मुस्तफा अंसारी सचिव चुने गए उपसचिव शमशुल अंसारी व सुरेश साहू ,कोषाध्यक्ष मोबिन अंसारी , उप- कोषाध्यक्ष वसीम भंडारी और तौफीक खान और मीडिया प्रभारी तौसीफ खान और गुलजार अहमद को चुना गया। समिति की ओर से 8 और 9 जनवरी 2025 को वीर सपूत शेख शहीद भिखारी व शहीद दिवस पर कवाली का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी तौसीफ खान ने दी।

## लोयला ग्राउंड से आज निकलेगा क्रिसमस कार्निवाल जुलूस, तैयारियां पूरी



**रांची :** लोयला ग्राउंड से आज शनिवार को क्रिसमस कार्निवाल जुलूस निकलेगा, जो अलबर्ट एक्का चौक तक जायेगा। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। लोयला ग्राउंड में युवाओं का हुजूम जुटना शुरू हो गया है। इस जुलूस के जरिये पुरोहित (फादर) आयोजन को सफल बनाने के लिए परमेश्वर से विनती करेंगे। इस दौरान युवाओं के बीच सान्ताक्लॉज की टोपियां बांटी जायेंगी। यीशु परमेश्वर के गीत गाये जायेंगे। डीजे की धुन पर यीशु का गुनगान किया जायेगा। इस दौरान सान्ता सड़कों पर टॉफी बांटते नजर आयेंगे। क्रिसमस कार्निवाल जुलूस के जरिये लोगों के बीच शांति, प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया जायेगा। बता दें कि जुलुस में तीन हजार से अधिक युवाओं का जुटान होगा।

**युवाओं ने 2016 में की थी कार्निवाल जुलूस की शुरूआतः** क्रिसमस कार्निवाल जुलूस की शुरूआत 2016 में हुई थी। उस समय युवाओं ने 50 मोटरसाइकिल से जुलूस निकाला था। इस जुलूस में कुलदीप तिर्की, एल्बिन लकड़ा, संदीप उरांव, लुकास, अभिषेक, शशि, दीपक, अमर, गोल्डन, अनामिका, नेहा, जेवियर, समीर सांगा, अरुण नगेशिया समेत विभिन्न अंतर कलीसिया के युवा शामिल हुए थे। जुलुस को भव्य रूप देने के लिए युवाओं ने काफी मेहनत की थी। आज भी कार्निवाल जुलुस को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिलता है। लोग बेसब्री से इस दिन का इंतजार करते हैं।

## वी बिहार और झारखण्ड में दे रहा 4जी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव



**रांचीः** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने बताया कि ओपन सिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 के अनुसार इसे बिहार सर्कल में उत्कृष्ट 4जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4जी यूजर्स के 4जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। वी उपभोक्ताओं को डेटा, वॉइस, वीडियो एवं गेमिंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने में सबसे आगे है। ओपनसिगनल की बिहार और झारखण्ड में वी के नेटवर्क की उत्कृष्टता को दशार्ते हैं। सर्वश्रेष्ठ वीडियो, गेम्स एवं वॉइस ऐप अनुभव तथा सबसे अधिक अपलोड डेटा स्पीड के साथ वी क्षेत्र में अपने यूजर्स को 4जी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। यह पहचान देश भर में नेटवर्क के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाने के वी के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है। एल900, एल1800, एल2100 और एल2500 स्पैक्ट्रम बैण्ड पर वी ने बिहार और झारखण्ड में अपनी क्षमता में काफी सुधार किया है। हाल ही के महीनों में वी ने इन स्पैक्ट्रम बैण्ड्स पर 400 से अधिक लोकेशनों में 500 नई 4जी साईट्स शामिल की हैं। सर्कल में तकरीबन 8000 साईट्स के साथ वी ने आसान कवरेज और तेज इंटरनेट स्पीड को सुनिश्चित किया है। 3500 से अधिक लोकेशनों पर 2100 एमएचजेड स्पैक्ट्रम की अतिरिक्त लेयर्स नेटवर्क परफोर्मेन्स में सुधार लाई हैं। बेहतर क्षमता और स्पीड के लिए 4500 से अधिक लोकशनों पर स्पैक्ट्रम बैण्डविड्थ को 10 एमएचजेड से 13।4 एमएचजेड किया गया है। इस अवसर पर प्रवीर कुमार, ऑपरेशन्स डायरेक्टर, ईस्ट एवं टीयूपी क्लस्टर्स, वोडाफोन आइडिया ने कहा कि हमें खुशी है कि हमें बिहार में शानदार परफोर्मेन्स के लिए सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि हमारे नेटवर्क को सशक्त बनाने तथा उपभोक्ताओं को सहज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए हमारे सतत निवेश की पुष्टि करती है। हम अपने उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते रहने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## उत्तरी-पछुआ हवाओं ने बढ़ाई कनकनी

# अभी शीतलहर से राहत नहीं

.संवाददाता

**रांचीः** झारखंड में बह रही उत्तरी-पछुआ हवाओं ने कनकनी बढ़ा दी है। 3 जिलों में शीतलहर का प्रकोप देखने को मिल रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि 15 दिसंबर तक रामगढ़, बोकारो और धनबाद जिले में लोगों को शीतलहर से राहत नहीं मिलेगी।

**सुबह-सुबह तापमान में आ रही बड़ी गिरावटः** मौसम विभाग ने कहा है कि अलसुबह तापमान में भारी गिरावट आ रही है। राज्य के लगभग सभी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सुबह में बच्चों, वृद्ध व हृदय रोगियों सहित सुबह और शाम में टहलने वाले लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है।



**सुबह में कुहासा और धुंध का असरः** मौसम वैज्ञानिक ने कहा है कि झारखंड में सुबह में कुहासा और धुंध का असर रहता है। दिन में धूप और शाम में ठंड रहती है। रात में ओस गिरने की वजह से हल्की ठंडी हवा चलने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में और कमी आ सकती है। कनकनी वाली ठंड का अहसास हो सकता है।

**17 दिसंबर से और बढ़ सकती है ठंडः** कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि पारा गिरने की वजह से फसल को नुकसान हो सकता है। इसलिए पारा गिरने की स्थिति में किसानों को खेतों में लगी सब्जियों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि 17 दिसंबर से ठंड और बढ़ने की संभावना है। सुबह में घने कोहरे से परेशानी बढ़ सकती है।

**दिसंबर में 4 डिग्री तक पहुंचा है पाराः** मौसम विभाग के रिकॉर्ड को देखेंगे, तो पाएंगे कि दिसंबर के महीने में रांची का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक आ चुका है। 29 दिसंबर 2014 को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। दिसंबर के महीने में वर्ष 2018 में एक दिन में 18 दिसंबर को 57.8 मिमी बारिश भी हुई थी।

## गोस्सनर कॉलेज में एलुमिनी मीट आज, जुटेंगे 400 पूर्व छात्र, शिल्पी नेहा तिर्की भी होंगी शामिल



**रांचीः** गोस्सनर कॉलेज में शनिवार, 14 दिसंबर को आयोजित एलुमिनी मीट में 400 पूर्व छात्र जुटेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत परमेश्वर की आराधना से होगी। इसकी अगुवाई बिशप सीमांत तिर्की करेंगे। सुबह 8 बजे एलुमिनी मीट शुरू हो जायेगी।

**विधायक, मंत्री भी शामिल होंगेः** गोस्सनर कॉलेज में आयोजित एलुमिनी मीट में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सिसई विधायक झीगा सुसारन होरो, सिमडेगा विधायक भूषण बाडा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोनगाडी, एसपी विजय आशिष कुजूर, पाकुड़ डीडीसी जेम्स सुरीन, खेल जगत से सुमराय टेटे, असुंता लकड़ा, रूपा रानी तिर्की शामिल होंगे। इसके अलावा जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, महासचिव ईश्वर दत कंडुलना, पूर्व बिशप जॉनसन लकड़ा भी शिरकत करेंगे।

## डेटोनेटर ब्लास्ट में दो जवान घायल, अस्पताल में भर्ती

**गिरिडीहः** जिले के लटकटो-2 पिकेट में शनिवार को में सुबह-सुबह डेटोनेटर ब्लास्ट हो गया। इसमें 2 जवान घायल हो गए। घटना मधुबन थाना क्षेत्र में हुई। घायल दोनों जवान झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप) में पोस्टेड हैं।

**मधुबन में घायल जवानों को धनबाद लाया गयाः** घायल सिपाहियों को आनन-फानन में



धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएस) पहुंचाया गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। जैप-5 के हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार डेटोनेटर ब्लास्ट की चपेट में आ गए।

घायल जवानों में एक बिहार के लखीसराय का, दूसरा साहिबगंज काः जैप के ये जवान डेटोनेटर जमा कराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक डेटोनेटर में ब्लास्ट हो गया। इसमें हवलदार अशोक कुमार का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। गौतम के हाथ की उंगली उड़ गयी। अशोक कुमार (हवलदार) बिहार के लखीसराय जिले के रहने वाले हैं। गौतम कुमार (कांस्टेबल) साहिबगंज जिले के रहने वाले हैं।

### बिरसा कृषि विवि मेंदो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

## सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद जरूरी : डॉ अग्रवाल

**रांचीः** बिरसा कृषि विवि अंतर्गत एग्रीकल्चर कॉलेज में शुक्रवार से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गयी। प्रतियोगिता का उदघाटन करते हुए विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल ने कहा कि खेलकूद में भाग लेने से केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि बौद्धिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास भी होता है। साथ ही यह युवा जीवन में आने वाली भावी चुनौतियां का बेहतर ढंग से सामना करने में समर्थ बनता है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद में भागीदारी जरूरी है। विद्यार्थी सुबह से मैदान में दिखेंगे, तो खेलकूद संबंधी सारी सुविधाएं मुहैया की जायेंगी। कम से कम 25-30 प्रतिशत विद्यार्थियों को खेलकूद में जरूर भाग लेना चाहिए।

**प्ले ग्राउंड सालों भर साफ-सुथरा मेंटेंन रहना चाहिएः** आयोजन समिति के



अध्यक्ष डॉ शंभूनाथ कर्मकार ने कहा कि कॉलेज का प्लेग्राउंड सालों भर साफ-सुथरा मेंटेंन रहना चाहिए। यहां बिजली की भी समुचित व्यवस्था रहनी चाहिए, ताकि शाम में भी विद्यार्थी खेल सकें। खेल प्रभारी डॉ नीरज कुमार ने आग्रह किया कि अनुबंध के आधार पर एक कोच की नियुक्ति यथाशीघ्र की जाये, जो विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रैक्टिस करा सकें। संचालन डॉ अरुण कुमार तिवारी ने किया। पहले दिन छात्र-छात्राओं के अलग-अलग वर्ग में विभिन्न श्रेणी में दौड़-कूद प्रतियोगिताएं हुईं। शनिवार को पुरस्कार वितरण होगा। कार्यक्रम में पंजाब कृषि विवि, लुधियाना के मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के अध्यक्ष तथा प्लास्टिक इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी परियोजना के समन्वयक डॉ राकेश शारदा, बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह, कृषि अभियंत्रण कॉलेज के एसोसिएट डीन प्रो डीके रुसिया, विवि के खेल समन्वयक डॉ एमके बर्णवाल सहित डॉ मिंटू जॉब, डॉ शशि किरण तिर्की, डॉ शिवम मिश्र, राकेश कुमार महतो, हर्ष कुमार, प्रीति ज्योत्सना तिर्की, प्रीति कुमारी मुर्मू व अन्य उपस्थित थे।

## विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

**रांचीः** डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशनुसार रांची के विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी द्वारा बरियातू क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। वार्ड संख्या 1 व 9 के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों के निरीक्षण के लिए उन्होंने उपस्थित राशन कार्डधारियों से भी बातचीत की। कार्डधारियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह खाद्यान्न का वितरण समय से हो रहा



है। कुछ कार्डधारी द्वारा चना दाल वितरण नहीं होने की बात कही गई, जिसपर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पीडीएस डीलर को चना दाल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मोनी कुमारी ने सभी पीडीएस डीलर को वर्तमान माह का खाद्यान्न वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। 22. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: http://www.ireps.gov.in 23. ई-निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 07.01.2025 को 15.00 बजे तक 24. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 07.01.2025 को 15.00 बजे के बाद निविदा संख्या: 37/2024-25 कार्य का विवरण: Provision of hiring of AC for Railway Hospital JU, Officer Rest House JU, Running room JU, DRM office JU and other important locations of JU division for a period of 05 years. अनुमानित लागत रुपये: Rs. 1,28,61,662.00 विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें। पत्र सं.: 1EL/JU/WC/ 2024-25 / 37 दिनांक: 12.12.2024 1438-AJ/24

हमें NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़
emill :- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–08.01.2024 को प्राथमिकी अभियुक्त दिपक कुमार उर्फ ढुल्ला, पिता–नन्दकिशोर साव पता–मडइ टोला देवी मंडप पतरातु थाना–पतरात जिला–रामगढ़ के घर पर इस्तेहार को तामिला किय गया है। जिसका फोटो निम्न प्रकार है :–



ह०/–
पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़

PR 341965 (Police)24-25*D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़।
emill :- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–22.11.2024 को प्राथमिकी अभियुक्त संजय कसेरा उर्फ संजय कुण्डू पिता–सोमरा कसेरा पता–03 नंबर चीफ हाउस बुढ़वा महोदव थाना–पतरातु (भुरकुण्डा) जिला–रामगढ़, स्थायी पता–पुण्डीदिरी,थाना–तमाड़ जिला–राँची के घर पर इस्तेहार को तामिला किय गया है। जिसका फोटो निम्न प्रकार है



ह०/–
पुलिस अधीक्षक, रामगढ़।

PR 341966 (Police) 24-25 (D)

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## सच सामने आए

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट के एक जज के वायरल हुए विडियो पर जो तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, उसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उस विडियो में जज साहब जिस तरह की बातें कहते दिख रहे हैं, वे देश के किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर बैठे किसी शख्स के मुंह से निकलना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट से पूरी जानकारी मांगी है, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रामाणिक तथ्यों की रोशनी में जल्द ही पूरा सच सामने आ जाएगा, लेकिन फिलहाल मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे सचमुच परेशान करने वाले हैं। हैरत की बात है कि संविधान के संरक्षक की भूमिका निभाने वाली न्यायपालिका का वरिष्ठ सदस्य सार्वजनिक कार्यक्रम में कहता दिखता है कि देश (संविधान और कानून के हिसाब से नहीं बल्कि) बहुसंख्यकों की मर्जी के मुताबिक चलेगा और इस विडियो के वायरल होने के बाद भी उसका कोई खंडन या स्पष्टीकरण नहीं आता। संबंधित न्यायाधीश की चुप्पी के बीच जिस तरह से एक तबका उनके इस कथित भाषण के पक्ष में सामने आया है, वह बताता है कि इस तरह की संविधान विरोधी सोच के फैलने का कितना गंभीर खतरा है। जहां आयोजक संगठन की ओर से यह कहा गया कि भाषण को संदर्भ से काटकर पेश किया जा रहा है, वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख यहां तक बोल गए कि अगर जज ने ऐसा कुछ कहा भी है तो उन्हें इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगता। ध्यान रहे, यह जुडिशरी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा जाने अनजाने संवैधानिक मयार्दा के उल्लंघन से जुड़ा कोई पहला विवाद नहीं है। कुछ ही दिनों पहले कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज द्वारा एक मुस्लिम बहुल इलाके का जिक्र 'पाकिस्तान' के रूप में किए जाने का मामला सामने आया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई भी शुरू की थी। हालांकि बाद में उस जज के माफी मांगने पर कार्यवाही रोक दी गई। मौजूदा विवाद से जुड़े जज की बात करें तो वह इससे पहले भी ऐसी टिप्पणियां कर चुके हैं। मसलन, जुलाई 2021 में एक मामले में फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा था कि 'धर्मांतरण से देश कमजोर होता है'। ऐसे में इस मामले को सिर्फ किसी एक जज के एक बयान के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। जरूरी है कि इस मामले का पूरा सच जानकर इसमें उपयुक्त कार्रवाई तो की ही जाए, पर इसके साथ ही न्यायपालिका में गिरावट लाने वाली इस व्यापक प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दिशा में भी गंभीर प्रयास तत्काल शुरू किए जाएं।

## भारत बेफिक्र नहीं

**सीरिया में** जिस तरह से इस्लामी विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा किया और राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ने को मजबूर हुए, वह अप्रत्याशित तो है ही, पूरे पश्चिम एशिया के लिए अनिश्चितता के एक नए सिलसिले की शुरूआत साबित हो सकता है। इस प्रकरण में कई ऐसे पहलू हैं, जो भारत की चिंता से सीधे तौर पर जुड़ते हैं। चाहे राष्ट्रपति बशर अल-असद हों या उनके पिता हाफिज अल-बशर, दोनों निरंकुश माने जाते रहे, लेकिन सीरिया में दोनों ने सेकुलर नीति अपनाई। उनके शासन काल में इस्लामी कट्टरपंथियों पर अंकुश बना रहा। अब उनकी जगह काबिज हुए इस्लामी विद्रोहियों के संभावित रुख को लेकर दुनिया भर में आशंकाएं हैं। सीरिया में उनकी वजह से कसक जैसे आतंकवादी समूह के फिर से सिर उठाने का डर पैदा हो गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आने वाले दौर में भारतीय उपमहाद्वीप में आतंकी तत्वों की सक्रियता बढ़ने वाली है। सीरिया के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते भले ही ज्यादा प्रगाढ़ न हुए हों, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों एकजुट रहे हैं। यही नहीं, बशर अल-असद ने कश्मीर के सवाल पर हमेशा भारत का साथ दिया। यहां तक कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने को लेकर भी सीरिया ने कहा था कि यह भारत का आंतरिक मामला है और किसी भी देश को अपने भूभाग में नागरिकों की हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। देखना होगा कि बदले हालात में सीरिया के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है। विद्रोही गुटों को हासिल तुर्किये के कथित समर्थन को देखते हुए कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि सीरिया के नए निजाम की नीतियों पर उसका प्रभाव दिखेगा। अच्छी बात यह है कि तुर्किये के साथ भी भारत के रिश्तों में पिछले कुछ समय में सुधार देखा जा रहा है। जहां कश्मीर पर उसके रुख में नरमी आई है, वहीं भारत ने भी ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री को रोकने का प्रयास नहीं किया। सीरिया के घटनाक्रम पर भारत ने जिस तत्परता से अपना रुख स्पष्ट किया, वह भी काफी कुछ कहता है। 24 घंटे के अंदर ही विदेश मंत्रालय ने सीरिया की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की जरूरत बताते हुए कहा कि मसले का हल निकालने की प्रक्रिया न केवल शांतिपूर्ण बल्कि सीरिया की अगुआई वाली और समाज के सभी तबकों के हितों का ध्यान रखने वाली होनी चाहिए। जाहिर है, सीरिया मामले से जुड़े अपने हितों को लेकर भारत संवेदनशील और गंभीर है।

# ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी

प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बर्बादी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।

**राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (14 दिसम्बर) पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को “राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस” का आयोजन विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है “स्थायित्व को बढ़ावा देनाः हर वाट मायने रखता है”। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था।

दरअसल, दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्त्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया “राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान” एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन “ऊर्जा दक्षता ब्यूरो” स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है। कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्वों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्वों का इस्तेमाल किया जाए। आईएसआई चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है। वहीं, तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

प्रतिवर्ष देश में हजारों गैलन पानी बर्बाद होता है, इसलिए ऊर्जा संरक्षण की बात करते समय जल की बबार्दी को रोकने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना भी बेहद जरूरी है। न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा लेकिन ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बांग्लादेश के साथ संतुलित साझेदारी कैसे बनाए रखें

भारत को द्विपक्षीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान के माध्यम से बांग्लादेश के साथ नियमित रूप से जुड़ना चाहिए। भारतीय विदेश सचिव की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के लिए ढाका की हालिया यात्रा अगस्त 2024 में अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मजबूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

बांग्लादेश के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी ‘चिकन नेक’और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मजबूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध इतिहास है, जिसमें सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक सम्बंध गहरे हैं। दक्षिण एशिया में भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसियों में से एक के रूप में बांग्लादेश भारत की पड़ोस कूटनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश की रणनीतिक स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर बताया गया है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक निर्भरता और व्यापार सहयोग को दशार्ता है। बांग्लादेश आतंकवाद और सीमा प्रबंधन सहित कई सुरक्षा मुद्दों पर भारत के साथ सहयोग करता है। ‘अभ्यास सम्प्रीति’ भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच साझा नदियाँ स्थायी उपयोग के लिए जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग को आवश्यक बनाती हैं। 1996 की भारत-बांग्लादेश जल संधि गंगा नदी से जल बंटवारे को नियंत्रित करती है, जिससे दोनों देशों के लिए जल संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित होती है। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध सांस्कृतिक सम्बंध हैं, जो उनके राजनयिक सम्बंधों को मजबूत करते हैं। उदाहरण के लिएः बंगाली संस्कृति, जो दोनों देशों में आम है, कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देती है।

बांग्लादेश सार्क, बिम्सटेक और बीबीआईएन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपनी सदस्यता के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तनों के बीच संतुलित साझेदारी बनाए रखने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियाँ राजनीतिक अस्थिरता हैं। बांग्लादेश में 2024 का राजनीतिक संकट, जो विरोध प्रदर्शनों, नेतृत्व परिवर्तनों और अशांति से चिह्नित है, उसने दोनों देशों की भागीदारी में अनिश्चितता पैदा की, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा और व्यापार मामलों पर। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ है, जिससे लोगों के बीच आपसी सम्बंध और दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग प्रभावित हुआ है।

भारत को द्विपक्षीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान के माध्यम से बांग्लादेश के साथ नियमित रूप से जुड़ना चाहिए। भारतीय विदेश सचिव की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के लिए ढाका की हालिया यात्रा अगस्त 2024 में अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मजबूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए। उदाहरण के लिएः सुरक्षा समन्वय में सुधार और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए ‘अभ्यास सम्प्रीति’ जैसी संयुक्त सुरक्षा पहलों का विस्तार किया जा सकता है। भारत को बांग्लादेश के साथ एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते पर बातचीत करके तीस्ता नदी जल-बंटवारे के विवाद को हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन आदान-प्रदान लोगों के बीच मजबूत सम्बंध बना सकते हैं, अविश्वास को कम कर सकते हैं और सहयोग बढ़ा सकते हैं। पर्यटन मार्गों और बंगाली त्योहारों जैसे लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने से आपसी समझ बढ़ेगी और सांस्कृतिक सम्बंध मजबूत होंगे। बांग्लादेश के साथ भारत के रणनीतिक सम्बंध क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करके, आर्थिक सहयोग बढ़ाकर और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करके, भारत बांग्लादेश के साथ गहरे सम्बंधों को बढ़ावा दे सकता है। यह दृष्टिकोण गुजराल सिद्धांत को दशार्ता है, जो गैर-पारस्परिक समायोजन और आपसी सम्मान की वकालत करता है, भारत के पड़ोसियों के बीच सामंजस्यपूर्ण सम्बंधों को बढ़ावा देता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# मन और शरीर स्थिर हो तो आनंद का अनुभव होता है

**अध्यात्म**

हम जीवन को जितना समझते हैं, जीवन उससे कहीं अधिक है। मनुष्य रूप में हमें जो जन्म मिला है, वह अपनी आत्मा को जानने और उसका मिलाप परमात्मा से कराने के लिए है। जब यह पता होगा कि हमें हमारी आत्मा को परमात्मा में लीन कराना है, तभी हम आंतरिक आध्यात्मिक यात्रा शुरू करेंगे। इसी यात्रा में हम अपने अंतर में परमात्मा का अनुभव कर सकते हैं। इसके लिए हमें अपने ध्यान को बाहरी दुनिया से हटाकर अंतर में केंद्रित करने की सही तकनीक को सीखने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को हम ध्यान-अभ्यास कहते हैं।

जब हम अपना ध्यान बाहर की दुनिया से हटाकर अंतर में केंद्रित करते हैं, तब हमारे लिए आंतरिक आध्यात्मिक दुनिया खुल जाती है। तब हम परमात्मा की ज्योति और प्रेम से जुड़ सकते हैं। शांत होकर बैठने की प्रक्रिया दिखने में आसान लगती है, लेकिन जब हम ध्यान-अभ्यास के लिए बैठते हैं, तब पाते हैं कि कई रुकावटें हमारे रास्ते में आती हैं। जैसे ही हमें अपने अंतर में कुछ अनुभव होता है, तब हमें यह भ्रम होता है कि हमने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। जबकि हम केवल रास्ते के एक मोड़ तक ही पहुंचे होते हैं। हमें लक्ष्य में आने वाले मोड़ को समझने की जरूरत है। हमें मोड़ को मंजिल समझकर रुकना नहीं चाहिए, बल्कि अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। जैसे ही हम परमात्मा की ओर जाने वाले रास्ते पर कदम बढ़ाते हैं, हमारा मन हमें अंतर में कई मुसीबतों और बाधाओं में डाल देता है। मन से उत्पन्न होने वाले विचार और इच्छाएं हमें विचलित कर हमारा ध्यान अपने लक्ष्य से भटका कर दूर कर देते हैं। ध्यान-अभ्यास के दौरान हममें से बहुत से लोग शरीर या मन को स्थिर नहीं कर पाते। हम एक या दो दिन की कोशिश के बाद शायद हार मान जाते हैं क्योंकि हम लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकते हैं। लेकिन जब हमें इसका अभ्यास हो जाता है तो हम अपने आपको आंतरिक आध्यात्मिक दुनिया के नजारों और आवाजों का आनंद लेते हुए पाते हैं। इसे महसूस करने की जरूरत है।

ध्यान-अभ्यास के लिए हमें धैर्य, दृढ़ता और कठिन परिश्रम की जरूरत है। इसमें हमें अपने ध्यान को अपने भीतर केंद्रित कर भटकने नहीं देना चाहिए। समय के साथ-साथ मेहनत करके हम अपने मन और शरीर को स्थिर करने में समक्ष हो जाते हैं, फिर आंतरिक दुनिया हमारे लिए खुल जाती है। फलस्वरूप हम परमात्मा के प्रेम और ज्योति के साथ जुड़ने पर असीम आनंद का अनुभव कर सकते हैं। इस आनंद या इस अनुभव को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता।

कदम दर कदम जैसे ही हम अपनी तकनीक में सुधार लाकर अपने लक्ष्य की ओर ध्यान करते हैं, तो हम उस उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं, जिसके लिए हमें यह मानव शरीर मिला है।

हममें से प्रत्येक आंतरिक यात्रा कर सकता है। प्रश्न केवल यही है कि हम अपने लक्ष्य की तरफ कितना ध्यान केंद्रित करते हैं और उसकी प्राप्ति के लिए कितनी लगन और दढ़ निश्चय से प्रयास करते हैं।

## सेहत

### पुरुषों में बढ़ रहा अस्थमा

**दुनिया** भर के लाखों पुरुष फेफड़ों के कैंसर से प्रभावित हैं। फेफड़ों के कैंसर का सबसे महत्वपूर्ण कारक धूम्रपान है। बचपन की सबसे आम बीमारियों में से एक अस्थमा है। वैश्विक स्तर पर लगभग 10% 6 से 7 वर्ष की आयु के बच्चों को अस्थमा की समस्या का प्रचलन है। इसमें फेफड़ों की सूजन के कारण श्वसन मार्ग में सूजन हो जाती है, जिस कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। इसकी समस्या में फेफड़े में होने वाली सूजन यदि लंबे समय तक रहे तो यह कैंसर हो जन्म दे सकती है। पुरुषों में श्वसन संबंधी बीमारियां बहुत ही गंभीर समस्याएं हैं। डॉक्टर ऊष्मा सिंह, डायरेक्टर पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी एंड हेमाटोलॉजी, एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल सोनीपत,के मुताबिक श्वसन संबंधी बीमारियां जीवन की गुणवत्ता और आयु को बुरी तरीके से प्रभावित करती हैं। अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर जैसी बीमारियां होने के लिए विभिन्न कारक है, जैसे- तंबाकू का सेवन, पर्यावरण में मौजूद प्रदूषण, अनुवांशिक इतिहास और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या। हमारा शरीर कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। कोशिकाएं खुद की मरम्मत करने में सक्षम होती हैं लेकिन जब कभी-कभी वह बहुत ही असामान्य तरीके से विकसित होने लगती है तो किसी गांठ या ट्यूमर के रूप में बदल जाती हैं। आमतौर पर यह श्वसन मार्ग की परत में शुरू होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### 200 स्कूली बच्चों का हीमोग्लोबिन का जांच

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड क्षेत्र मे कौड़ी खुटाना आयुष्मान आरोग्य मंदिर छोटा गडरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत कुल 200 स्कूली बच्चों का हीमोग्लोबिन का जांच किया गया इस मौके पर सी एच ओ रवि कुमार जाटव,एएन एम प्रोमिला मुर्मू , एम पी डब्लू दिनेश कुमार साह ,सहिया नूतन देवी , अभिषेक जी पीरामल स्वास्थ एवं प्रिंसिपल वीणा आदि लोग उपस्थित थे।

### ताजा पानी और गरम पानी यूज करे जिसे आप लोग स्वस्थ्य रहंगे-प्रमुख



साहिबगंज/मंडरोः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिजाचौकी मे बढती ठंड को देखते हुए। प्रभारी प्रमुख शीला देवी प्रतिनिधि शिव शंकर गुप्ता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शत्रुघ्न गोंड के द्वारा गरीब असहायों दिव्यांग जनों एवं विधवाओं के बीच 60 कंबलों का वितरण किया गया जबकि प्रमुख शीला देवी के द्वारा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह ठंड का प्रकोप बढते जा रहा है।इस मे बहुत ही सावधानी से रहने की जरूरत है।आप लोगों ताजा पानी और गरम पानी यूज करे जिसे आप लोग स्वस्थ्य रहंगे।और बीमारी से बचे रहंगे ।इस वितरण कार्यक्रम कई ग्रामीण उपस्थिति थे ।

### रमैया केयर फाऊंडेशन हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

साहिबगंजःबोरियो क्षेत्र के साक्षरता मोड़ के निकट रमैया केयर फाउंडेशन ए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन आज बोरियो विधायक धनंजय सोरेन करेंगे।जिसकी जानकारी अस्पताल के प्रोपराइटर संगम सौरभ ने दी।उन्होंने बताया कि हमारे अस्पताल में गायनोकोलॉजी,नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ फिजिशियन जेनरल सर्जरी,ऑॅथोर्पेडिक्स,ट्रामा, कार्डियोलॉजी,न्यूरोलॉजी सहित कई तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### झामुमो सरकार युवाओं जरूरतमंद को 40 प्रतिशत सब्सिडी पर लोन देने का कार्य कर रही है : पंकज



**साहिबगंज :** शहर के कॉलेज रोड स्थित मछुआ सोसाइटी में बने अति संसाधन युक्त बांके बिहारी मेंस पार्लर का उद्घाटन मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने फीता काट कर किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह की दुकान से स्वरोजगार को बल मिलेगा।उनकी सरकार युवाओं या जरूरतमंदों को 40 प्रतिशत सब्सिडी पर लोन देने का कार्य कर रही है।लोग खासकर युवा वर्ग इसका लाभ उठा कर अपने को स्वरोजगार से जोड़ सकते है।इससे उन्हें रोजगार की तलाश में बाहर के अन्य प्रदेशों में पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रमोद चौधरी,अरुण चौधरी,धनंजय तिवारी,मनोज चौरसिया,कौशल किशोर ओझा,सुरेंद्र यादव,प्रयाग चौधरी,आदित्य ठाकुर,गोपाल यादव,सहित दर्जनों गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

### सीओ क्षेत्र भ्रमण दौरान एक अवैध ट्रेक्टर पकड़ा किया पुलिस के हवाले

**साहिबगंज/ मंडरोः** प्रखण्ड के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अन्तर्ग भगैया चेकपोस्ट पर बीडीओ सह सीओ ने क्षेत्र भ्रमण दौरान बिना माइनिंग चलान के फाईप एट अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त कर भगैया चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मी एवं मजिस्ट्रेट को सुपूर्द किया गया है,इस संबंध में सीओ ने कहा कि इस तरह की अवैध तरीके से पत्थर की परिचालन करने वाले पर हमेशा कार्यवाई होती रहेगी।

### छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर संध्या इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य से की मुलाकात : सचिव



**साहिबगंज :** झामुमो के जिला संगठन सचिव वारिस अनवर ने छात्र व छात्राओं की समस्याओं को लेकर इंटर संध्या महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य शंभू नाथ पाठक से मिले। प्राचार्य शंभू नाथ पाठक ने छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं को हर संभव दूर करने की बात कही।वही प्राचार्य शंभू नाथ पाठक ने झामुमो नेता को महाविद्यालय से जुड़े समस्याओं से अवगत करवाया।वहीं झामुमो नेता ने भी मूलभूत सुविधाओं को जल्द बहाल करने का आश्वासन दिए।इस मौके पर लाल बाबू,रंजीत महतो,अभय यादव,मोहम्मद महफूज अंसारी, रजी अशरफ सहित कई लोग मौजूद थे।

### यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है- प्रो. बच्चन ठाकुर

पलामू : पांकी प्रखंड के खाप सरौना में इन दिनों मारुतिनंदन महायज्ञ का आयोजन किया गया है. पांकी विधायक के निजी सचिव प्रो. बच्चन ठाकुर शुक्रवार को महायज्ञ में पहुंचे और नगर भ्रमण व आरती में शरीक हुए. उन्होंने कहा कि यज्ञ से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है. इस तरह के आयोजन से लोगों में मिलजुल करं कार्य करने की क्षमता बढ़ती है. साथ ही आपसी प्रेम बढ़ता है. लोग एक-दूसरे पर विश्वास व भरोसा करना सीखते हैं.

# भारत सरकार और राज्य सरकार जिला प्रशासन लगातार इस चीज के लिए प्रयासरत है : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के निदेर्शानुसार साहेबगंज जिलान्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन और एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 कार्यक्रम का आयोजन सिद्धों कान्हू सभागार मे किया गया। जबकि कार्यक्रम की शुरूआत जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा स्वामी विवेकानन्द के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन लगातार इस चीज के लिए प्रयासरत है।कि जो भी हमारी प्रतिभाएं हैं उन प्रतिभाओं को एक अच्छा मंच मिल सके चाहे खेल के क्षेत्र में हो, चाहे विज्ञान के क्षेत्र में हो, चाहे आट्र्स के क्षेत्र में हो किसी भी क्षेत्र में, किसी भी व्यक्ति के अंदर कोई प्रतिभा है तो उसको एक सही मंच मिलना चाहिए।मैं आप लोगों से अपिल करता हूं कि अपने आसपास जितने भी लोग हैं जितने भी युवा वर्ग है उन लोगों को आप इस चीज के लिए मोटिवेट करें।

हमारा युवा समाज आज तेजी से बदल रही दुनिया में अपनी पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है। वर्तमान में जहाँ एक ओर तकनीकी प्रगति हो रही है, वहीं



दूसरी ओर हमारे परंपरागत मूल्यों और संस्कृतियों को बचाए रखने की जिम्मेदारी भी हम पर है। ऐसे में युवा महोत्सव जैसे आयोजन हम सभी को अपने सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने, अपने भीतर छुपी कला और प्रतिभा को बाहर लाने का अवसर प्रदान करते हैं। भाषण प्रतियोगिता,मोबाइल फोटोग्राफी, कविता प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, कहानी लेखन प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, एकल गान प्रतियोगिता, विज्ञान मेला समूह, विज्ञान मेला एकल जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जज के रूप में भाषण प्रतियोगिताअब्दुस सुभान डॉ संजीव कुमार,भिखारी शाह,मोबाइल फोटोग्राफी

अनिल कुमार, अरविंद केआर साहा, हर्षित कुमार

काव्य प्रतियोगिता सुबोध,के आर झा, विजय कुमार

ड्राइंग प्रतियोगिताश्याम विश्वकर्मा, निशु कुमारी, शिवका कुमारी कहानी लेखन प्रतियोगिता डॉ सोनू साहू, डॉ प्रिया हांसदा डॉ सबिता कुमारी ,समूह नृत्य प्रतियोगिता प्रभा, दीक्षा रानी, आयुष कुमार, एकल नृत्य प्रतियोगिता प्रीति प्रिया मरांडी, विजय कुमार, महतो कल्याण श्रीवास्तव, समूह गान प्रतियोगिता

राजेश कुमार पंडित ,बम बम राज रोनित तिग्गा.

एकल गीत प्रतियोगिताज्योति प्रभा, संध्या किरण, प्रभात शंकर भगत,विज्ञान मेला समूह रंजीत कुमार सिंह बी बी द्वारि, पल्लवी उपाध्याय,विज्ञान मेला एकलडॉ वकील पोद्दार, प्रभात सिंह,मो0 अशरफ रहे।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम सुप्रिया कुमारी,द्वितीय नव माधव आनंद

तृतीय आदित्य राज,मोबाइल फोटोग्राफीप्रथम- ललन कुमार,द्वितीय- रितेश कुमार रंजनतृतीय- सौरभ कुमार

काव्य प्रतियोगिता,प्रथम सिम्मी कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी,तृतीय स्वीटी कुमारी ड्राइंग प्रतियोगिता,प्रथम- चन्द्रभूषण कुमार,द्वितीय आदिती कुमारी,तृतीय फरोन कहानी लेखन प्रतियोगिता

प्रथम सिम्मी कुमारी,द्वितीय- द्वितीय शिल्पी कुमारी,

तीतृय- स्वीटी कुमारी,समूह नृत्य प्रतियोगिता,

प्रथम धनी हेंब्रम एंड ग्रुप,द्वितीय बबलू कुमार ग्रुप

तृतीय- पोमा मरांडी ग्रुप, एकल नृत्य प्रतियोगिता

प्रथम स्नेह कुमारी, द्वितीय सूरज कुमार ,तृतीय ग्रेस बेसरा ,समूह गान प्रतियोगिता, प्रथम शुभम गुप ,द्वितीय राज कुमार राज गुप,तृतीय काजल एंड गुप

एकल गीत प्रतियोगिता,प्रथम- स्वीटी टुडु, द्वितीय अंचना कुमारी,तृतीय- चांद मुनि उरांव, विज्ञान मेला समूह प्रथम डीसीएम ग्रुप सकरीगली द्वितीय राजस्थान इन्टर विद्यालय तृतीय साहिबगंज कालेज साहिबगंज ,विज्ञान मेला एकल,प्रथम नेहा कुमारी,द्वितीय,रिया मंडल,तृतीय अंजू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे ।

# आवेदन प्राप्त कर उक्त योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करने का दिया निदेश : उपायुक्त



### 127 निर्माणाधीन आंगनबाड़ी व डीएमएफटी मद के द्वारा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी की जानकारी ली

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की।जिसमें सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा 127 निमार्णाधीन आंगनबाड़ी व डीएमएफटी मद के द्वारा निमार्णाधीन आंगनबाड़ी की जानकारी ली जबकि सावित्रीबाई फुले योजना में प्रखंडों की रैंकिंग असंतोषप्रद पाई गई। एक सप्ताह के अंदर महिला पर्यवेक्षिकाओं को जिले के सभी संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रवार लक्ष्य निर्धारित कर सेविका-सहायिकाओं के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप उक्त योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उक्त योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। साथ ही पूरे सप्ताह में प्रतिदिन केन्द्रवार सेविका-सहायिकाओं द्वारा प्राप्त आवेदनों की संख्या की महिला पर्यवेक्षिकाओं के माध्यम से समीक्षा कराने हेतु निर्देशित किया।प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, पोषण ट्रैक ऐप, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मानदेय भुगतान ,पोषाहार भुगतान व आंगनबाड़ी सेविकाओं की जिला में नियुक्ति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिते हुए बताया गया कि चाइल्ड होम में भवन मरम्मती रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। वही पुराने परिषद भवन में मरम्मती को लेकर प्रस्ताव समर्पित करने को कहा गया।उपायुक्त ने स्पॉन्सरशिप योजना में अधिक से अधिक लाभुको को लाभ देने हेतु निर्देशित किए गए।इस पर जिला कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, महिला पर्यवेक्षीका समेत बाल संरक्षण के कर्मी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण संपन्न

दुमका : जिले के काठीकुंड प्रखंड के प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा बच्चों के लिए महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत ₹पोषण भी पढ़ाई भी₹ कार्यक्रम के तहत 100 सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रो मे बाल विकास तथा प्रारंभिक बाल कल्याण देखभाल और शिक्षा की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति, साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव तैयार किए जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गयी है। जिससे 0-6 वर्ष के बच्चों के सम्पूर्ण विकास पर फोकस किया जा सकें।कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण विभाग दुमका से सुधाकर केशरी और जोत्सा कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, ट्रेनर आदि मौजूद थे।

### पांकी में प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

पलामू : पांकी प्रखंड के कपूर्री ठाकुर चौक के समीप शुक्रवार की सुबह प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक पर कई झोले में रखकर प्रतिबंधित मांस को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था.

### जल जमाव निकासी समस्या की समाधान के लिए नाला निर्माण की प्रकिया शुरू

**साहिबगंज/बरहरवा :** कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार द्वारा गुरुवार को प्रोफेसर कॉलोनी में जल जमाऊ से त्रस्त लोगों के शिकायत पर वार्ड 02 का भौतिक निरीक्षण करने के बाद आज स्पेशल डिवीजन और बरहरवा नगर पंचायत के कनीय अभियंता की एक टीम ने संयुक्त रूप से जल निकासी हेतु पक्की नाली का निमार्ण हेतु वार्ड संख्या 02 में रिंकू अंसारी के घर से होते हुए भाया मस्तान के घर होते हुए भाया बी एन साहा के घर होते हुए सीधा राजमहल रोड के मुख्य नाले तक एवं वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में इंफोर्मेटिक के पास वाले नाले से होते हुए भाया पंचू रविदास के घर होते हुए भाया भीम राव अम्बेडकर स्कूल होते हुए राजमहल रोड के मुख्य नाले तक वाटर लेवल पाइप द्वारा पूरे एरिया को चिन्हित किया जिसमें उसी के आधार पर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा।मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार,कनीय अभियंता पंचानन्द,मोहित कुमार,महेश उरांव,रवि उरांव,अंकित कुमार, अमीन सेख सहित अन्य मौजूद थे।

# जिला कला संस्कृति संघ की आयोजित बैठक संपन्न



### व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं कला प्रेमियों से संपर्क कर सहयोग राशि की व्यवस्था की जाएगी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जिला कला संस्कृति संघ, दुमका के वार्षिकोत्सव आयोजन हेतु संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक शिशिर कुमार घोष की अध्यक्षता में मधुर सिंह के आवास पर शुक्रवार को संपन्न हुआ। बैठक में श्री घोष द्वारा विगत वर्ष के कार्यक्रम की आय एवं व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में तय हुआ कि

पूर्व वर्ष की भाति वार्षिकोत्सव कार्यक्रम दिनांक 30 दिसंबर 2024 को इंडोर स्टेडियम परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम का नाम 'रंग- तरंग ' 2024 होगा। कोष निर्माण के लिए निर्णय लिया गया कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं कला प्रेमियों से संपर्क कर सहयोग राशि की व्यवस्था की जाएगी इसके लिए एक टीम का गठन किया जाएगा जो इस कार्य को अंजाम देंगे। वार्षिकोत्सव में गीत, संगीत, नृत्य,पुस्तक प्रदर्शनी , पेंटिंग प्रदर्शनी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार -प्रसार के लिए शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर बैनर पोस्टर लगाया जाएगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा भी शहर में प्रचार किया जाएगा। कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए सभी कलाकारों, संगीत संस्थाओं का विधिवत निबंधंन किया जाएगा उसके पश्चात ही उन्हें कार्यक्रम में जगह दी जाएगी। संघ के सचिव अशोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी सदस्यों हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग देंगे ऐसी संघ अपेक्षा रखता है। बैठक में संघ के सचिव अशोक सिंह , उपाध्यक्ष महेंद्र शाह , कोषाध्यक्ष मधुर सिंह, राधेश्याम वर्मा , संदीप कुमार जय, शर्मिला सिंहा, किशोर चंचल ,विजय कुमार, उमाशंकर चौबे , नैय्यर आजम, अनिल साह,अंजनी शरण,डॉ. मनोज कुमार घोष, विष्णु देव मत सुनील शर्मा विद्यापति झा, नीलकंठ झा उपस्थित थे।

# शैक्षणिक लेखन एवं दस्तावेजीकरण विषय पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न

दुमका : सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के आदिवासी महिला संसाधन केंद्र और भारतीय महिला अध्ययन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक सप्ताह तक चलने वाले 'शैक्षणिक लेखन एवं दस्तावेजीकरण' कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन रिसोर्स पर्सन के रूप में जर्नल ऑफ आदिवासी एण्ड इंडिजिनस स्टडीज की एसोसिएट एडिटर डॉ.अंजना सिंह थीं। उन्होंने शोध नैतिकता, फील्ड वर्क और अच्छे पत्रिका में आलेख प्रकाशन पर बात करते हुए प्रतिभागियों के समक्ष तीनों विषयों की बारीकियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने इनसे संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों और तकनीकों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि अकादमिक लेखन और दस्तावेजीकरण के लिए तीनों पहलू बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुल 45 शोधकताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। आज के समापन समारोह की अध्यक्षता




संत जेवियर्स कॉलेज महारो के प्रोफेसर डॉ.वर्गीस पल्ली ने की। अपने संबोधन में उन्होंने अकादमिक लेखन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि शोध और अध्ययन का आम जनता और उनके सवालों से जुड़ना बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे ही समाज के बेहतर बनने का रास्ता खुलेगा। रांची विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. ममता कुमारी ने अपने संबोधन में भारतीय महिला अध्ययन संघ की झारखंड परियोजना की चर्चा की और बताया कि इसके तहत पिछले तीन वर्षों में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने सभी शिक्षकों और शोधकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्यशाला में उनकी भागीदारी के कारण यह सफल रही। डॉ. ममता ने सभी से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के आदिवासी महिला संसाधन केंद्र की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और जमीनी स्तर पर शोध और अध्ययन को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों के रूप में एस.पी. कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. सुमित्रा हेम्ब्रम और प्रतिभागियों ने भी अपने वक्तव्य और अनुभव साझा किए। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभाग की प्रो. अमिता कुमारी ने दिया और मंच का संचालन शोधकर्ता वैशाली बरियार ने किया।

# रानी मुखर्जी की फिल्म 'मदार्नी-3' का हुआ ऐलान

**बॉलीवुड** अभिनेत्री रानी मुखर्जी अपनी विविध भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। रानी मुखर्जी 2014 में फिल्म 'मदार्नी' में पुलिस अधिकारी शिवानी रॉय की भूमिका निभाई और अपने अभिनय से दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। मदार्नी का पहला भाग 2014 में रिलीज हुआ था और 2019 में इसका सीक्वल भी आया। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रहीं। अब यशराज फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर 'मदार्नी 3' की घोषणा कर दी है। रानी मुखर्जी एक बार फिर बहादुर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

रानी मुखर्जी ने कहा,'मुझे बहुत खुशी है कि हम अप्रैल 2025 में 'मदार्नी-3' की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। पुलिस की वर्दी पहनना और ऐसा किरदार निभाना एक विशेष बात है जिसे मैं हमेशा पसंद करती हूं। उनकी भूमिका के साथ फिर से न्याय करने पर गर्व है। यह फिल्म उन सभी पुलिस अधिकारियों को समर्पित है जो हमें सुरक्षित रखने के लिए निस्वार्थ भाव से हर दिन कड़ी मेहनत करते हैं।'

रानी ने कहा, 'जब हमने 'मदार्नी 3' बनाने के बारे में सोचा, तो हमारा उद्देश्य था कि फिल्म दर्शकों को पहले से अलग अनुभव देगी। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस तीसरी किस्त से खुश होंगे। 'मदार्नी' काफी पसंद की गई है और इसलिए दर्शकों की उम्मीदों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। 'मदार्नी-3' डार्क, घातक और क्रूर होने वाली फिल्म है मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि दर्शकों को यह फिल्म कितनी पसंद आएगी।'' 'द रेलवे मेन' फेम आयुष गुप्ता ने 'मदार्नी-3' की पटकथा लिखी है। उनकी प्रखर एवं प्रभावी लेखन शैली को विश्व स्तर पर काफी सराहना मिली है। फिल्म का निर्देशन अभिराज मीनावाला करेंगे। अभिराज इससे पहले 'बैंड बाजा बारात', 'गुंडे', 'सुल्तान', 'जब तक है जान', 'टाइगर 3' जैसी कई फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं। फिलहाल वह 'वॉर 2' के असिस्टेंट डायरेक्टर हैं और अब उन्हें 'मदार्नी' फ्रेंचाइजी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।






## नीति टेलर ने शादी के 4 साल बाद हटाया पति का सरनेम

**मनोरंजन** इंडस्ट्री में हाल के दिनों में कई कपल्स के अलग होने की खबरें सुर्खियों में रही हैं। इनमें से एक था ह्यपांड्या स्टोरह्व फेम अक्षय खरोडिया, जिन्होंने सोशल मीडिया पर अपने तलाक का ऐलान किया। इस बीच, नीति टेलर के नाम के आगे से पति का सरनेम हटाने के बाद उनके तलाक की अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। हालांकि, अब इस मुद्दे पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। नीति टेलर ने हाल ही में इस बारे में बात करते हुए थोड़ी इमोशनल भी हो गईं। शादी के चार साल बाद उन्होंने ऐसा क्यों किया, इसके बारे में भी खुलकर बात की। नीति टेलर ने मीडिया से बातचीत करते हुए तलाक की अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'जब आप इन बातों पर रिएक्ट नहीं करते हैं, तो वही आपका जवाब होता है।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'अगर कुछ हो ही नहीं रहा था, तो मुझे उन बातों पर क्यों रिएक्ट करना चाहिए।

## अभिनेता नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा ने काशी में फिल्म 'वनवास' का किया प्रमोशन

**वाराणसी।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर और युवा अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने शुक्रवार को अपनी फिल्म 'वनवास' का काशी में प्रमोशन किया। इस दौरान नाना और युवा अभिनेता ने फिल्म में अपने किरदार और शूटिंग से जुड़े दिलचस्प अनुभवों को भी बताया। अभिनेता नाना पाटेकर ने बताया कि ‡यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि समाज के लिए एक अहम संदेश भी है। यह एक ऐसा अनुभव है, जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने काशी के गंगा घाट और मंदिरों को करीब से देखा है। काशी अब पहले से काफी बदल गई है। वहीं, युवा अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने अपनी भूमिका के बारे में बताया। उत्कर्ष ने कहा कि इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। मेरी कोशिश रही है कि मैं अपने किरदार के साथ न्याय कर सकूं। पत्रकारों से बातचीत के बाद दोनों अभिनेताओं ने शहर के ऐतिहासिक गंगा घाटों का अवलोकन किया और गंगा आरती में भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शहर की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने के साथ युवा प्रशंसकों के साथ भी बातचीत की। बताते चलें फिल्म 'वनवास' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है।



नाना बोले फिल्म में समाज के लिए एक अहम संदेश

# पुष्पा-2 बनी साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

फिल्म 'पुष्पा-2: द रूल' को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने आठ दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। कमाई के आंकड़े बताते हैं कि फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। वीकेंड पर बॉक्स ऑफिस पर छाई रहने वाली इस फिल्म ने वीक डेज में भी जोरदार कमाई की।

## 'पुष्पा-2' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'पुष्पा-2' ने अपनी पेड रिलीज से एक दिन पहले प्रीव्यू से 10 करोड़ 65 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद रिलीज के दिन इसने 164.25 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे दिन का कलेक्शन 93.8 करोड़ रुपये रहा और तीसरे दिन 119.25 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने चौथे दिन 141 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म का पांचवें दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 64.45 करोड़ रुपये रहा। फिल्म ने भारत में छठे दिन 51.55 करोड़ रुपये और सातवें दिन 43.55 करोड़ रुपये की कमाई की। अब फिल्म की रिलीज के आठवें दिन के शुरूआती आंकड़े सामने आ गए हैं।

## 'पुष्पा-2' हिंदी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

सैनिक की रिपोर्ट के अनुसार, 'पुष्पा-2: द रूल' ने आठवें दिन 37.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म ने सभी भाषाओं में अब तक 725.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने अब तक तेलुगु में 241.9 करोड़ रुपये, हिंदी में 425.1 करोड़ रुपये, तमिल में 41 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 5.35 करोड़ रुपये और मलयालम में 12.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

'बाहुबली-2' को पछाड़कर 'पुष्पा-2' दुनिया भर में सबसे तेजी से 1000 करोड़ रुपये कमाने वाली भारतीय फिल्म बन गई। 'पुष्पा-2' ने सिर्फ सात दिनों में 1000 करोड़ कमाए, जबकि 'बाहुबली-2' ने 10-11 दिनों में 1000 करोड़ कमाए। पुष्पा-2 का निर्देशन सुकुमार ने किया है और मैत्री मूवी मेकर्स ने इसे निर्मित किया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ मलयालम एक्टर फहद फासिल अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'पुष्पा-2' अल्लू अर्जुन की 2021 रिलीज 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है।




# ब्रिसबेन टेस्ट : बारिश के कारण पहले सत्र में हो सका केवल 13.2 ओवर का खेल

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले सत्र में बारिश के कारण केवल 13.2 ओवर का खेल हो सका। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान बिना कोई विकेट खोए 28 रन बना लिए हैं। उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मेकस्विनी 4 रन बनाकर खेल रहे हैं।

इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच में केवल 5.3 ओवर फेंके गए थे, तभी बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण 25 मिनट तक खेल रूका रहा।

बारिश रूकने के बाद फिर से खेल शुरू हुआ और ख्वाजा और मेकस्विनी ने संभलकर खेलना जारी रखा, 13.2 ओवर के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई और कुछ देर इंतजार करने के बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी। लंच तक ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी नुकसान के 28 रन बना लिये थे।



### भारतीय टीम में हुए दो बदलाव

इस मैच के लिए भारत ने अपनी टीम में दो बदलाव किये। हर्षित राणा और रविचंद्रन अश्विन को बाहर किया गया और उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में हेजलवुड की वापसी

वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। टीम ने स्कॉट बोलैंड, जिन्होंने गुलाबी गेंद से ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली भूमिका निभाई थी, को बाहर किया।

## ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंची

एजेंसी

**हांग्जो।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की एन से-यंग ने शुक्रवार को यहां 2024 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में महिला एकल के अंतिम चार में जगह पक्की कर ली।

गुरुवार को ग्रुप बी में जापानी दिग्गज अकाने यामागुची से हारने के बाद, एन ने चीन की हान यू पर 21-11, 21-15 से आसान जीत हासिल की और आगे बढ़ी। बाद में भी दो जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। जापान की अया ओहोरी और चीन की वांग झीयी भी ग्रुप ए से अंतिम चार में पहुंची। पुरुष एकल में, डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन और चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचे, जबकि घरेलू पसंदीदा शि यूकी और इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी ग्रुप बी से अंतिम चार में पहुंचे।

वहीं, ओलंपिक चैंपियन चीन के झेंग सिवेई और हुआंग याकियोंग ने मिश्रित युगल स्पर्धा में सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि चेन किंगचेन और जिया यिफान महिला युगल सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

झेंग ने कहा, 'मैंने सेमीफाइनल में पहुंचने का अपना वादा निभाया है। मुझे उम्मीद है कि मेरे सभी प्रशंसक 'हमारे अंतिम नृत्य' का आनंद ले सकेंगे।'

झेंग ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से संन्यास ले लेंगे।



## शाकिब को ईसीबी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से किया गया निलंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को ईसीबी द्वारा आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया है, क्योंकि लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र परीक्षण सुविधा द्वारा उनके गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। बाएं हाथ के इस स्पिनर को सितंबर में टॉन्टन में समरसेट के खिलाफ काउंटी मैच में सरे के लिए खेलने के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। मैदानी अंपायर स्टीव ओ'शॉघनेसी और डेविड मिल्न्स ने शाकिब के गेंदबाजी एक्शन में खामी पाई, जिन्होंने उस खेल में नौ विकेट लिए थे, और बाद में उन्हें अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच करवाने के लिए कहा गया। ईसीबी की विज्ञप्ति में कहा गया, 'शाकिब ने इस महीने की शुरूआत में लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र मूल्यांकन पूरा किया, जिसमें पाया गया कि उनके गेंदबाजी एक्शन में कोहनी का विस्तार विनियमों में परिभाषित 15 डिग्री की सीमा से अधिक है। यह निलंबन 10 दिसंबर 2024 को स्वतंत्र मूल्यांकन की प्राप्ति से प्रभावी होगा, और संदिग्ध अवैध गेंदबाजी एक्शन के साथ रिपोर्ट किए गए गेंदबाजों की समीक्षा के लिए ईसीबी के विनियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेगा।' अपने 17 साल के करियर में यह पहली बार है, जब शाकिब की गेंदबाजी पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने 447 मैचों में 712 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने सितंबर-अक्टूबर में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी बना रखी है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण वह बांग्लादेश टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। शाकिब यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज और बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे से भी चूक गए, जबकि उन्होंने अबू धाबी टी10 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

## सोफी मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** एशेज से पहले ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम को एक और बड़ा झटका लगा है, स्पिनर सोफी मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के वनडे दौरे से बाहर हो गई हैं।

कप्तान एलिसा हीली की फिटनेस और उनके घुटने में दर्द की वजह से पहले से ही जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को शनिवार को मोलिनक्स की चोट के रूप में एक और बुरी खबर मिली।

इस गर्मी में मोलिनक्स घुटने की समस्या से जूझना पड़ा, जोड़ों में दर्द के कारण वे मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ डब्ल्यूबीबीएल के कुछ मैच नहीं खेल पाई।

वह ऑस्ट्रेलिया की भारत पर 3-0 की सीरीज के आखिरी दो मैचों में खेली थी, लेकिन बुधवार को पर्थ में पिछली जीत के बाद उन्हें फिर से दर्द शुरू हो गया।

इसका मतलब है कि अब वह इस महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में नहीं खेल पाएंगी, जबकि गेंदबाजी-ऑलराउंडर हीथर ग्राहम एशेज से चार हफ्ते पहले उनकी जगह लेंगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला अगले महीने होने वाली बहु-प्रारूप एशेज श्रृंखला से पहले टीम के आखिरी मैच हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया लगातार पांचवीं बार ट्रॉफी बरकरार रखने का लक्ष्य रखेगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'सोफी मोलिनक्स को घुटने में दर्द के कारण न्यूजीलैंड श्रृंखला से हटा दिया गया है। हीथर ग्राहम होबार्ट में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ तस्मानिया की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के मैचों के बाद मंगलवार को न्यूजीलैंड में टीम से जुड़ेंगी।'

जॉर्जिया वेयरहम गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकादश में शामिल होने वाली सबसे संभावित खिलाड़ी होंगी, क्योंकि उन्हें भारत के खिलाफ अंतिम दो मैचों से बाहर रखा गया था।

ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि हीली न्यूजीलैंड दौरे पर जा सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों में नहीं खेल पाई थीं, इसके बाद वे पैर की समस्या के कारण टी20 विश्व कप के अंत में भी नहीं खेल पाई थीं।

हीली की वापसी चयनकताओं के लिए सिरदर्द पैदा कर सकती है, क्योंकि जॉर्जिया वोल ने भारत के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरूआत की थी। वोल ने सिडनी थंडर के साथ डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन करने के बाद शीर्ष क्रम में हीली की जगह 46, 101 और 26 रन बनाए। लेकिन वोल को न्यूजीलैंड में वनडे टीम से बाहर किए जाने का खतरा है, क्योंकि हीली के फिर से फोबे लिचफील्ड के साथ ओपनिंग करने की उम्मीद है।

इसका मतलब है कि वोल को पहली पसंद की एकादश में तभी रखा जा सकता है, जब चयनकर्ता उन्हें निचले क्रम में बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनें और एक अधिक स्थापित खिलाड़ी को बाहर करने का साहसिक फैसला लें।



# हिमाचल प्रदेश में बढ़ी ठंड, 11 शहरों का माइनस में पारा

एजेंसी



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से सर्दी का जबरदस्त कहर देखने को मिल रहा है। राज्य के कई हिस्सों में पारा माइनस में चला गया है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में ठंड का असर ज्यादा देखा जा रहा है। हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी और ऊना जैसे मैदानी इलाकों में ठंड ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इन जगहों में मनाली और शिमला से ज्यादा ठंड पड़ रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को प्रदेश के 11 शहरों का पारा शून्य से नीचे चला गया है। राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है।

**सात जिलों में शून्य से नीचे पारा**

राज्य के सात जिलों में इस समय पारा शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। इनमें हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति शामिल हैं। इन जिलों के अधिकांश हिस्सों में तापमान माइनस में चला गया है, जिसके चलते वहां के लोग ठंड से बेहाल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि हिल्स स्टेशन शिमला के न्यूनतम तापमान में उछाल आया है और यहां सर्दी का असर कम हुआ है। लेकिन उच्च पर्वतीय व मैदानी हिस्सों में ठंड का प्रकोप जारी है।

लाहौल-स्पीति जिला का ताबो -11.5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थल बना हुआ है। यहां पिछले कई दिनों से पारा इस स्तर तक दर्ज किया जा रहा है। इसी जिला के कुकुमसेरी, समधो व सियोबाग में न्यूनतम पारा क्रमशः -8.2 डिग्री, -5.7 व -1.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। किन्नौर जिला के कल्पा में -1 डिग्री, कुल्लू जिला के भुंतर व बजुआरा में -1.7 डिग्री, बिलासपुर के बरठीं में -1.2 डिग्री, ऊना में -1 डिग्री, मंडी जिला के सुंदरनगर में -0.2 डिग्री और हमीरपुर में -0.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ है। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो सोलन में 0.4 डिग्री, मनाली में 0.9 डिग्री, मंडी में 1 डिग्री, शिमला में 9 डिग्री, धर्मशाला में 4.4 डिग्री, नाहन में 6.6 डिग्री, पालमपुर में 3 डिग्री, बिलासपुर में 1.1 डिग्री, कांगड़ा में 2.6 डिग्री, चम्बा में 1.4 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 4.8 डिग्री, कुफरी में 5.1 डिग्री, नारकण्डा में 2.3 डिग्री, भरमौर में 3.6 डिग्री, सराहन में 4 डिग्री और पांवटा साहिब में 6 डिग्री सेल्सियस रहा।

**एक सप्ताह तक बर्फबारी की संभावना नहीं**

प्रदेश में कड़ाके की ठंडी के बीच सैलानियों व स्थानीय लोगों को बर्फबारी की उम्मीद थी। शिमला और मनाली में बर्फबारी की चाह में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। लेकिन मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगामी एक सप्ताह में राज्य में कहीं भी बारिश व बर्फबारी की संभावना नहीं है। इस वक्त राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है और आने वाले दिनों में भी यही स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 20 दिसम्बर तक राज्य भर में मौसम पूरी तरह साफ रहेगा।

## प्रधानमंत्री ने राज कपूर को 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महान अभिनेता राज कपूर को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने उन्हें एक दूरदर्शी फिल्म निमार्ता, अभिनेता और शाश्वत शोमैन बताया। मोदी ने कहा कि फिल्म निमार्ताओं और अभिनेताओं की पीढ़ियां उनसे बहुत कुछ सीख सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, 'आज, हम महान राज कपूर की 100वीं जयंती मना रहे हैं, जो एक दूरदर्शी फिल्म निमार्ता, अभिनेता और शाश्वत शोमैन थे। उनकी प्रतिभा ने कई पीढ़ियों को पार किया, भारतीय और वैश्विक सिनेमा पर एक अमिट छाप छोड़ी।' उन्होंने कहा, 'श्री राज कपूर का सिनेमा के प्रति जुनून कम उम्र में ही शुरू हो गया था और उन्होंने एक अग्रणी कहानीकार के रूप में उभरने के लिए कड़ी मेहनत की। उनकी फि ल्में कलात्मकता, भावना और यहां तक कि सामाजिक टिप्पणियों का मिश्रण थीं। वे आम नागरिकों की आकांक्षाओं और संघर्षों को दशार्ती थीं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'राज कपूर की फिल्मों के प्रतिष्ठित किरदार और अविस्मरणीय धुनें दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आती हैं।

## फरीदाबाद : रिसेप्शन में खाना देने पर हुई देरी तो दूल्हे के दोस्त ने वेटर की कर डाली हत्या

एजेंसी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में शुक्रवार देर रात शादी की एक रिसेप्शन पार्टी में विवाद के बाद वेटर की गोली मार कर हत्या कर दी गई। वह कॉकटेल पार्टी में सर्विस दे रहा था। इसमें खाने-पीने का सामान सर्व करने में देरी पर भडके युवक ने गोली चला दी। हत्या के बाद मैरिज पार्टी में हडकंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बादशाह खान अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने 2 के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में आदर्श कॉलोनी में रहने वाला युवक मुबारिक उर्फ बादशाह खान शादी समारोह में वेटर का काम करता था। बीती रात को मुकेश लखानी के बेटे जय लखानी की शादी का प्रोग्राम था। ठेकेदार के कहने पर बादशाह खान शादी के प्रोग्राम में काम करने के लिए सैनिक कॉलोनी में गया था। शादी के रिसेप्शन में कॉकटेल पार्टी चल रही थी। सर्विस में थोड़ी देरी हुई तो शादी में आए एक शख्स ने बादशाह खान को गोली मार दी। बडखल के रहने वाले इमरान खान ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा मुबारिक उर्फ बादशाह खान निवासी आदर्श कालोनी वेटर का काम करता था। 13 दिसंबर को मुबारिक उर्फ बादशाह फकरुदीन ठेकेदार के कहने पर सैनिक कालोनी सेक्टर 49 फरीदाबाद में मुकेश लखानी के बेटे की शादी के प्रोग्राम में वेटर का काम करने के लिए सैनिक कालोनी गया था। वहां पर एचडीएफसी बैंक के पास टेंट लगाया गया था। वहां गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई। इमरान खान ने बताया कि रात को 11 बजे सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर आदर्श कॉलोनी के रहने वाले शाहिद व फखरुद्दीन ने बताया कि वे मुकेश लखानी के कहे अनुसार वेटर का काम कर रहे थे। एक टेबल पर मुकेश लखानी के छोटे बेटे (दुल्हा का भाई) व उसके दोस्त मोहित व मोनू निवासी सैनिक कॉलोनी ओर एक अन्य व्यक्ति टेबल पर बैठ कर एक साथ खाना खा रहे थे। मुकेश लखानी के छोटे बेटे, उसके दोस्त मोहित व मोनू आदि ने बादशाह को खाना लाने को कहा। वह खाना लेने के लिए चला ही था कि युवकों ने उसके साथ गाली गलौज किया। लखानी के छोटे बेटे के दोस्त मोनू व उसके साथ बैठे अन्य व्यक्ति ने शोर मचा कर मोहित को कहा कि इस वेटर को अपनी पिस्टल से गोली मार दे। इसके बाद मोहित ने मोनू व अन्य कहने पर मुबारिक उर्फ बादशाह को अपनी पिस्टल से छाती में गोली मार दी। वेटर के साथियों ने बताया कि गोली लगने के बाद मुबारिक उर्फ बादशाह जमीन पर गिर पड़ा। शाहिद व फखरुद्दीन ने उसको जमीन पर गिरते हुए देखा और गोली की आवाज भी सुनी। इस बीच वहां मौजूद लोगों ने मुबारिक को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने मुबारिक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोहित व मोनू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए दो युवकों को हिरासत में लिया है।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को लेकर कोलकाता में फिर प्रदर्शन

**सीबीआई की विफलता पर सवाल**

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से जुड़े जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपित दो व्यक्तियों को 'डिफॉल्ट जमानत' मिलने के बाद कोलकाता में एक बार फिर से विरोध प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। कोलकाता की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल को जमानत दी। आरोप है कि इन दोनों ने जांच को गुमराह करने और सबूतों से छेड़छाड़ की। हालांकि, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) इन दोनों के खिलाफ 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रही, जिसके कारण अदालत ने उन्हें जमानत दे दी।

इस घटनाक्रम के खिलाफ पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने शनिवार को पूरे दिन विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। संगठन ने सीबीआई पर जिम्मेदारी में चूक का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ नाराजगी जताई है।

डब्ल्यूबीजेडीएफ शनिवार दोपहर दो बजे केंद्रीय सरकार कार्यालय (सीजीओ) परिसर में स्थित सीबीआई की विशेष अपराध इकाई कार्यालय तक एक रैली निकालेगा। इस प्रदर्शन में सीबीआई से मामले में नैतिक जिम्मेदारी लेने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही, मेडिकल सेवा केंद्र और नर्स यूनिट जैसे चिकित्सा संगठनों द्वारा भी समानांतर रैलियां आयोजित की जाएंगी। वहीं, 'अभया मंच', जो विभिन्न क्षेत्रों के आम लोगों का संयुक्त मंच है, रानी रासमणि रोड पर शनिवार दोपहर विरोध प्रदर्शन करेगा। डब्ल्यूबीजेडीएफ ने अपने प्रतिनिधियों को इन प्रदर्शनों में भेजने का निर्णय लिया है।

डब्ल्यूबीजेडीएफ ने जनता से बड़ी संख्या में इन प्रदर्शनों में शामिल होने की अपील की है। संगठन ने यह भी संकेत दिया है कि यदि न्याय मिलने में देरी होती है तो वे अपना पहले का स्थगित किया हुआ 'कार्य बहिष्कार आंदोलन' फिर से शुरू कर सकते हैं। डब्ल्यूबीजेडीएफ के प्रतिनिधियों ने कहा है कि इस मामले में कई प्रभावशाली लोग जुड़े हुए हैं, जिससे यह आशंका उत्पन्न होती है कि न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा, 'हमारा सवाल यह है कि प्रभावशाली लोगों की भागीदारी होने के बावजूद क्या न्याय संभव है?'

## आतंकवाद से जुड़े एक मामले में अनंतनाग की जिला जेल समेत कश्मीर में कई जगहों पर सीआईके कर रही छापेमारी

एजेंसी




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) शाखा आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के लिए अनंतनाग की जिला जेल समेत कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह आतंकवाद रोधी खुफिया एजेंसियों की दो शाखाओं-सीआईके और राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने नियंत्रण रेखा के पार आतंकवादी आकाओं के साथ कुछ कैदियों के कथित संबंधों की जांच के लिए श्रीनगर की उच्च सुरक्षा वाली सेंट्रल जेल पर छापेमारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके की टीमें अनंतनाग की जिला जेल मट्टन में विभिन्न ब्लॉकों और बैरकों में तलाशी ले रही हैं। इसी तरह सीआईके की टीमें दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के सोनीगाम और चावलगाम इलाकों में भी तलाशी ले रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान आतंकवाद से जुड़े एक मामले की चल रही जांच का हिस्सा बताया जा रहा है जिसमें जांच के दौरान जिला जेल परिसर के अंदर तकनीकी हस्ताक्षर पाए गए थे। उन्होंने बताया कि सक्षम अदालत से प्राप्त तलाशी वारंट के आधार पर छापेमारी की योजना बनाई गई और उसे अंजाम दिया गया। 5 दिसंबर को पुलिस ने कहा था कि श्रीनगर की सेंट्रल जेल की तलाशी के दौरान जेल के कैदियों से मोबाइल फोन समेत कई डिजिटल डिवाइस बरामद किए गए थे। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन और अन्य डिवाइस का इस्तेमाल सक्रिय आतंकवादियों से संवाद करने और आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए हैंडलर्स से मिले निदेशों को आगे बढ़ाने के लिए किया गया था।

## शंभू बॉर्डर से रवाना हुए किसानों को हरियाणा पुलिस ने बार्डर पर रोका



**कैथल।** किसानों का शंभू बॉर्डर से तीसरी बार से दिल्ली मार्च दोपहर 12 बजे शुरू हो गया है। शनिवार को 101 किसानों का जत्था दिल्ली रवाना हुआ तो उसे हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर रोक लिया। इससे पहले हरियाणा पुलिस दो बार किसानों को बॉर्डर से पीछे खदेड़ चुकी है।? हरियाणा सरकार ने अंबाला जिले के 12 गांवों में इंटरनेट सेवाएं 17 दिसंबर रात 12 बजे तक बंद रहेंगी। पंजाब की तरफ 10 सरकारी एंबुलेंस खड़ी कर दी गई हैं। शंभू बॉर्डर पर शनिवार को कांग्रेस नेता और पहलवान बजरंग पूनिया भी पहुंच रहे हैं। इसके अलावा तरना दल के निहंग भी वहां पहुंच गए हैं। दूसरी ओर खनौरी बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत डल्लेवाल लगातार 19वें दिन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा डल्लेवाल की सेहत को लेकर पूरा देश चिंतित है।

## भारतीय सेना को मिले 491 युवा अफसर, अंतिम पग पार कर ली भारत माता की रक्षा की सौगंध, 35 विदेशी कैडेट्स मित्र देश में देंगे सेवा

एजेंसी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में आज आयोजित गरिमामय पासिंग आउट परेड ने देश को 456 नए सैन्य अधिकारी सौंपे। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर हुई इस परेड में भारतीय सेना के लिए 456 और मित्र देशों की सेनाओं के लिए 35 कुल 491 अधिकारी कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण का अंतिम चरण पार किया।इस ऐतिहासिक परेड में नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड की सलामी ली। तमाम गणमान्य व्यक्तियों, विदेशी मेहमानों, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और कैडेटों के परिजनों की मौजूदगी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने गर्व और प्रेरणा का माहौल बनाया।

**ऐतिहासिक परेड की झलकी**

परेड का आयोजन अकादमी के सबसे प्रतिष्ठित स्थल चेटवुड भवन के सामने किया गया। अनुशासन, समर्पण और गर्व की झलक प्रस्तुत करती इस परेड ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रिव्यूइंग ऑफिसर ने कैडेटों के अनुशासन और परिश्रम की सराहना की और उन्हें उत्कृष्ट सैन्य अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया। परेड के बाद आयोजित पीपिंग और शपथ ग्रहण समारोह (ओथ सेरेमनी) के दौरान कैडेट्स ने अपनी वर्दी पर स्टार चिह्न लगाए और भारत माता की सेवा और सुरक्षा के लिए शपथ ली। इन 491 कैडेट्स में से 456 युवा अधिकारी भारतीय थल सेना का अभिन्न हिस्सा बनेंगे। जबकि 35 अधिकारी मित्र देशों की सेनाओं में सेवा देंगे।

**आईएमए का गौरवशाली इतिहास**

इस वर्ष की पासिंग आउट परेड के साथ भारतीय सैन्य अकादमी ने देश-विदेश की सेनाओं को अब तक कुल 66,119 सैन्य अधिकारी प्रदान करने का कीर्तिमान स्थापित किया। इनमें मित्र देशों की सेनाओं के 2,988 अधिकारी भी शामिल हैं। यह अकादमी का गौरवपूर्ण योगदान है जो इसे विश्वस्तरीय सैन्य प्रशिक्षण संस्थान बनाता है।

**नए सैन्य अधिकारियों का उत्साह**

नए अधिकारी कैडेट्स के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास की झलक साफ दिखी। ये युवा सैनिक अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए तत्पर हैं और अपने साहसिक कर्तव्यों को निभाने के लिए तैयार हैं। भारतीय सेना में शामिल होने वाले इन 456 युवा अधिकारियों के लिए यह दिन उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन साबित हुआ।

**मित्र देशों का सहयोग**

भारतीय सैन्य अकादमी में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, तजाकिस्तान समेत कई मित्र देशों के कैडेट्स को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस वर्ष मित्र देशों के 35 सैन्य अधिकारी भी अकादमी से प्रशिक्षित होकर अपनी सेनाओं का हिस्सा बने। यह भारत की मित्रता और सहयोग की भावना को दशार्ता है।

**समर्पण और त्याग का संदेश**

इस अवसर पर सभी कैडेट्स ने भारतीय सेना के मूल्यों-कर्तव्य, सम्मान और साहस-के प्रति समर्पण व्यक्त किया। यह परेड न केवल सैन्य अधिकारियों के जीवन का नया अध्याय है।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## कोरबा में पिकअप और डीजल टैंकर की भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत, 4 अन्य घायल



**कोरबा।** कोरबा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां पिकअप और डीजल टैंकर के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। टैंकर चालक को भी चोटें आई हैं।यह हादसा बांगो थानांतर्गत बिलासपुर-अंबिकापुर राजमार्ग पर तारा घाटी के पास हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक के मौत के मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, हादसा शनिवार सुबह लगभग 10 बजे हुआ। पिकअप वाहन में 5 लोग सवार थे, जो किसी काम से जा रहे थे। तारा घाटी के पास अचानक डीजल टैंकर के साथ भिड़ंत हो गई, जिससे पिकअप वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस हादसे में मृतक की पहचान 30 वर्षीय रामस्वरूप के रूप में हुई है, जो कोरबा जिले के एक गांव का निवासी था। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य दो को मामूली चोटें आई हैं।

## फतेहाबाद में कार व पिकअप की टक्कर में दो भाईयों की मौत, बहनोई घायल

**फतेहाबाद।** जिले जाखल क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक कार और पिकअप के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर दे गई। इस हादसे में कार सवार दो भाइयों की मौत हो गई जबकि उनका जीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे का कारण सामने से आ रही पिकअप की हाई बीम लाइट बताया जा रहा है जिस कारण कार चालक को सामने से कुछ नहीं दिखा और दोनों गाडि?ों में आमने-सामने टक्कर हो गई। शनिवार को दोनों मृतकों का पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि परिजनों ब्यान के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसर गांव म्योंद कलां निवासी 30 वर्षीय कुलदीप और 20 वर्षीय बंटी जोकि रिश्ते में भाई थे, शुक्रवार रात फतेहाबाद के गांव हिजरावां के रहने वाले अपने जीजा सुनील जाखल को लेने के लिए कार में सवार होकर जाखल बस स्टैण्ड पर गए थे। बस स्टैण्ड से सुनील को साथ लेकर तीनों युवक वापस म्योंद कलां की तरफ जा रहे थे। कार को कुलदीप चला रहा था। जैसे ही वह जाखल में कुलां रोड पर ओवरब्रिज के नीचे उतर रहे थे तो इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप गाड़ी की हाई बीम लाइट कुलदीप की आंखों में पड़ गई, जिससे वह कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे पिकअप से जा टकराई। हादसे के सामने कार और पिकअप दोनों गाडि?ों की स्पीड तेज थी, जिस कारण कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार की अगली सीट पर बैठे कुलदीप और बंटी दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि कार की पिछली सीट पर बैठा उनका जीजा सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में जाखल थाना प्रभारी जसवंत सिंह का कहना है कि पुलिस द्वारा मृतकों का शनिवार को पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मृतकों के परिजनों के ब्यान के आधार पर पिकअप चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के अनुसार कुलदीप कुमार गांव में ही दुकान चलाता था जबकि बंटी मोटर मैकेनिक का काम सीख रहा था। कुलदीप विवाहित था, उसके तीन साल का बेटा भी है। वहीं, बंटी अविवाहित था। उसका बड़ा भाई भारतीय सेना में सैनिक है।

## फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार कल, शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में होने की संभावना

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का विस्तार कल होगा। नागपुर के राजभवन में शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने की संभावना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 21, शिवसेना के 12 और राकांपा के 10 विधायकों को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। संभावित मंत्रियों को फडणवीस फोन कर इसकी जानकारी देने वाले हैं।महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी बहुमत मिलने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पांच दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ शिवसेना के एकनाथ शिंदे और राकांपा के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। बताया गया है कि इन तीनों सहयोगी दलों के बीच विभागों को लेकर सहमति बन गई है। भाजपा के पास प्रमुख रूप से गृह और वित्त विभाग, शिंदे समूह के पास नगर विकास और राजस्व विभाग और राकांपा के पास गृह निर्माण और पीडब्ल्यूडी विभाग रहेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया को बताया कि सूची को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के पास भेज दिया गया है। वहां से सहमति मिलने पर मंत्रिमंडल में स्थान पाने वालों को सूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर से नागपुर में विधानमंडल का शीतकालीन अधिवेशन शुरू होगा।

## वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल पहुंचते तक मौत

**कोरबा।** वन विभाग द्वारा बिलासपुर सर्कल के अंतर्गत आने वाले तीन वन मंडलों के 120 वनरक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया इंदिरा स्टेडियम में जारी है। शनिवार की सुबह भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक अभ्यर्थी की 200 मीटर की दौड़ पूरी करने के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई। इस दौरान कुछ देर बाद ही वह नीचे गिर गया और वहां मौजूद मेडिकल की टीम द्वारा फर्स्ट एड देने के बाद उसे मेडिकल अस्पताल भेजा गया। जहां पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वन विभाग ने इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है, जहां उनके आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया संपन्न होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा स्टेडियम में 4 दिसंबर से वनरक्षक की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। जहां इस कड़ी में शनिवार की सुबह 6 से 8 बजे की पाली में वन विभाग द्वारा भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। जिसमें पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के बलौदा थाना के ग्राम बना निवासी सुख सिंह 26 वर्ष भी पहुंचा था। जहां उसके द्वारा 200 मीटर की दौड़ लगाई गई थी। दौड़ लगाने के बाद अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई और वह नीचे बैठ गया। जैसे ही मेडिकल टीम को इसकी सूचना मिली मेडिकल की टीम मौके पर पहुंची और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रशर मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को एटीएस ने दबोचा

**रांची :** झारखंड एटीएस की टीम ने क्रशर मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों को एटीएस ने रांची पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया था कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे हैं। उनके फोन पर देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी ने कॉल कर धमकी दी। धमकी देने वाले ने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिए हो। उसने आगे कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपये का इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा दूंगा। इस साल सितंबर में भी उन्हें धमकी भरा फोन आया था ।जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बर्तन सेट का वितरण

**मांडर :** समाज कल्याण एवं बाल विकास विभाग, रांची द्वारा शुक्रवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय मांडर में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच बर्तन सेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मांडर प्रमुख फिलिप सहाए एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, और सीडीपीओ सुजाता कुमारी ने सेविकाओं को बर्तन सेट वितरित किए।

इस अवसर पर मांडर प्रमुख फिलिप सहाए एक्का ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं की मेहनत और समर्पण बच्चों एवं महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उप प्रमुख अमानत अंसारी ने कहा कि सेविकाओं को दी गई यह सामग्री उनके कार्यों में सहायता प्रदान करेगी।

सीडीपीओ सुजाता कुमारी ने बताया कि बर्तन सेट वितरण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को समर्पण और लगन के साथ अपने कार्यों को जारी रखने की अपील की।

कार्यक्रम में कई आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विभागीय पहल की सराहना की। इस तरह के प्रयास आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को और प्रभावी बनाने में मदद करेंगे।

### चान्हो में दो बाइक की टक्कर, पांच युवक घायल

**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के ताला मोड़ के पास रात लगभग साढ़े आठ बजे दो बाइकों की जोरदार टक्कर में पांच युवक घायल हो गए। घायलों में चान्हो के बरहे गांव निवासी संदीप उरांव, बीरेंद्र उरांव, और ऋतिक उरांव तथा खलारी थाना क्षेत्र के डकरा साइडिंग निवासी राजकुमार दास और गोलू गुप्ता शामिल हैं।

हादसे के बाद घायलों को तुरंत चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बरहे निवासी संदीप उरांव को वहीं छोड़ दिया गया, जबकि अन्य चार घायलों को रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया। इनमें राजकुमार दास और बीरेंद्र उरांव की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बताया गया कि बरहे निवासी संदीप, बीरेंद्र, और ऋतिक एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। उसी समय, रांची से घर लौट रहे राजकुमार दास और गोलू गुप्ता की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के चालक और सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इलाज के लिए चान्हो सीएचसी भेजा। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### चांडिल थाना क्षेत्र के शहरबेड़ा के दो स्थानों में अवैध बालू भंडारण जब्त

**सरायकेला :** बालू के अवैध भंडारण और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन अब एक्शन मोड पर है. शुक्रवार को सुबह से ही जिला खनन विभाग की टीम चांडिल के अंचल अधिकारी व चांडिल थाना की पुलिस के साथ छापामारी अभियान चला रही है. अगल-अलग स्थानों में चलाए गए छापामारी अभियान में टीम को सफलता भी हाथ लगी है. जिला खनन विभाग को सूचना मिली थी कि चांडिल थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार पांव पसारने लगा है. क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है. इसके बाद सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी ज्योतिशंकर सतपथी के नेतृत्व में विभागीय टीम शुक्रवार को छापामारी अभियान चलाया. अभियान में चांडिल के अंचल अधिकारी और चांडिल थाना की पुलिस भी मौजूद थी.

बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान में टीम को सफलता मिली है. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योतिशंकर सतपथी ने बताया कि शुक्रवार को चांडिल के अलग-अलग स्थानों में छापामाी अभियान चलाया गया. सबसे पहले शहरबेड़ा, इसके बाद चिलगु में और अंत में गौरी घाट पर बालू के अवेध कारोबार के खिलाफ छापामारी की गई. उन्होंने बताया कि चांडिल थाना क्षेत्र के शहरबेड़ा में अवैध रूप से बालू ले जाते एक ट्रैक्टर और एक 407 माल वाहक वाहन को जब?त किया गया है. वहीं अभियान के दौरान शहरबेड़ा में ही दो स्थानों में अवैध रूप से भंडारण कर रखे गए बालू भी जब?त किया गया है. उन्होंने बताया कि एक स्थान पर करीब नौ हजार सीएफटी और एक स्थान पर करीब पांच हजार सीएफटी बालू जब?त किया गया है.

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि दोपहर के वक्त चिलगु क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया. इसके बाद कपाली क्षेत्र के गौरी घाट में टीम ने धावा बोला. गौरी घाट पर टीम के आने की सूचना पहले ही पहुंच गई थी. छापामारी टीम को गौरी घाट में बालू निकालने के लिए बनाए गए पांच डोंगा (नाव), पांच बेलचा और पांच ढामा मिला. टीम ने पांचों डोंगा को नष्ट कर दिया. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योतिशंकर सतपथि ने बताया कि जब?तकिए गए वाहनों के साथ अवैध रूप से डंप कर रखे गए बालू के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी. जिसने बालू डंप कराया है उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा. वहीं जिस जमीन पर बालू डंप किया गया है उसके मालिक के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी.

### सभी विस्थापितों को संपूर्ण पुनर्वास की सुविधा मुहैया कराए विभाग : मंच

**सरायकेला :** चांडिल बांध के 180 से 183 मीटर जल भंडारण से प्रभावित गांवों के विस्थापितों के लिए राशि निर्गत की जा रही है. विभाग का सर्वे आकलन और गणना गलत व विवादित है. विभागीय सर्वे के अनुसार 181 मीटर जल भंडारण तक डूबने वाले कई गांव अब तक नहीं डूबे हैं. ऐसे में बांध में जल भंडारण का आरएल का आधार मानक छोड़कर सभी 116 गांवों का विकास कार्य यथाशीघ्र शुरू किया जाना चाहिए. उक्त बातें अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच ने कही. मंच के अध्यक्ष राकेश महतो ने कहा कि सुर्वणरेखा परियोजना कार्यालय आदित्यपुर, जमशेदपुर में प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर विस्थापितों के न्याय के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है. उन्होंने कहा कि सात दिन के अंदर सकारात्मक कदम नहीं उठाने पर भू-अर्जन एवं पुनर्वास कार्यालय, स्वर्णरेखा परियोजना आदित्यपुर जमशेदपुर के समक्ष आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. सुवर्णरेखा परियोजना के चांडिल बांध प्रक्षेत्र के 183 मीटर तक जल भंडारण से प्रभावित गांवों के विस्थापितों ने विभाग द्वारा निकाले गए विज्ञप्ति के आधार पर पुनर्वास से संबंधित लगभग 3000 दावे, आपत्ति व आवेदन 31 दिसंबर 2023 तक जमा किया था.

# मुख्यमंत्री के देवघर पहुंचने पर आयुक्त ने किया स्वागत





**बिनय मिश्रा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के देवघर पहुंचने पर संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डाडेल ने बुके देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संथाल परगना के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान देवघर जिला पहुंचने पर संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डाडेल ने उन्हें बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री भी आयुक्त के स्वागत से काफी भाव विभोर दिखे विदित हो कि बाबा नगरी देवघर में पूजा अर्चना और सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन देवघर पहुंचे जहां देवघर एयरपोर्ट पर आयुक्त श्री डाडेल के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे, गौरतलब हो कि श्री डाडेल के आयुक्त के रूप में योगदान देने के पश्चात से संथाल परगना में बेहतर विकास गति के साथ-साथ संथाल परगना के सभी छह जिलों में व्यापक रूप से वृहद तरीके से विकास कार्यों को संपादित कराने में श्री डाडेल सफल रहे हैं गौरतलब हो कि श्री सोरेन विधानसभा चुनाव 2024 में प्रचंड बहुमत से जीतने के पश्चात संथाल परगना में पहली बार पहुंचे थे जिसके फलस्वरूप पुरे क्षेत्र में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लोगों में गजब का उत्साह भी देखा गया।

### विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतिम दिन 9 मामले सुलझाये गये

**रांची:** व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शुक्रवार को समापन हो गया। मध्यस्थता केंद्र, रांची के मध्यस्थों एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास और सूझ-बूझ से पहले दिन 16, दूसरे दिन 14, तीसरे दिन 12, चौथे दिन 13 और अंतिम दिन 9 मामलों को सुलझाया गया। विशेष मध्यस्थता अभियान में पांच दिनों में कुल 64 मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है। कुछ मामले अगले स्तर की सुनवाई के लिए लंबित हैं: जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया कि विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतिम दिन कुल 9 (नौ) मामलों को सुलझाने में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामलें को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये।

### किसान धान को 15 दिसंबर से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र व लैंपस में बेच सकते है : डीएसओ



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको ने चास प्रखंड स्थित राधानगर पंचायत एवं पिंड्राजोरा में धान अधिप्राप्ति के संबंध में किसानों से बातचीत की*। किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही बेचने को लेकर जागरूक किया। साथ ही बिचौलियों के माध्यम से दूसरे राज्यों में धान नहीं बेचने की बात कही। उन्होंने बताया कि सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल ( समर्थन मूल्य 2300 व बोनस 100 रुपये) निर्धारित किया है। डीएसओ ने बताया कि जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है. किसान धान को 15 दिसंबर से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र व लैंपस में बेच सकते है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह कम मूल्य पर पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों को धान नहीं बेचें। अगर किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो इसका निराकरण जिला प्रशासन या अंचल कार्यालय में करायें। इस साल धान की खरीद 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। धान बेचने के लिए, किसानों को अपना निबंधन कराना होगा. इसके लिए, आधार कार्ड, जमीन का रसीद, और बैंक पासबुक जैसी जरूरी जानकारी देकर अंचल कार्यालय में निबंधन फॉर्म जमा करना होगा। रैयत किसान अधिकतम 250 क्विंटल और गैर-रैयत किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकते हैं। धान बेचने के लिए, किसान अपने पसंद के किसी भी अधिप्राप्ति केंद्र पर जा सकते हैं। धान की राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में सीधे किया जाएगा। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# शांति जुनियर्स प्री स्कूल चाईबासा में वार्षिक खेल कूद दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

खेल कूद दिवस की मुख्य अतिथि चाईबासा नगर परिषद् की प्रशासक संतोषनी मुर्मू का स्वागत स्कुल की नन्ही बच्ची एकाग्रता द×ा के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। वार्षिक खेल कूद दिवस की मुख्य अतिथि संतोषी मुर्मू, स्कुल की सेंटर हेड परमिंदर कौर खोखर तथा रौनक सिंह खोखर ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत संबोधन करते हुए परमिंदर कौर खोखर ने शांति जुनियर्स प्री स्कूल में शिक्षा के साथ ही साथ हो रहे खेल कूद एवं अन्य कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि संतोषनी मुर्मू जी बच्चों के द्वारा किए गए खेल कूद से काफी प्रभावित हुई और उन्हें सराहा भी। मुख्य अतिथि ने शांति जुनियर्स प्री स्कूल के हरे भरे खेल के मैदान को देखकर स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। इसमें आयोजित की गई कई प्रतियोगिताऐं को देखकर वे खुश भी हुई। कुछेक बच्चों ने तो तीन-चार स्पोर्ट्स में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए। शांति जुनियर्स प्री स्कूल का हरियाली भरा परिसर और खुशनुमा वातावरण भी उन्हें बहुत ही अच्छा विकल्प लगा। मुख्य अतिथि ने बच्चों में पारितोषिक वितरित किया तथा दो अभिभावकों को भी उनके लिए आयोजित खेल में जीत के लिए उपहार दिया गया। परमिंदर कौर खोखर एवं रौनक सिंह खोखर ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि संतोषनी मुर्मू को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। खेल कूल दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाऐं अंजली मिश्रा एवं विजय तथा देवेन का सराहनीय सहयोग रहा। मंच संचालन शिक्षिका अंजली मिश्रा ने किया तथा सभी धन्यवाद ज्ञापन रौनक सिंह खोखर द्वारा किया गया। शांति जुनियर्स प्री स्कूल का वार्षिक खेल कूद दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।













# चिन्मय विद्यालय बोकारो में 48वां वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय, बोकारो के क्रीडागंन में 48वां वार्षिक खेल समारोह पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ । जिसमें सभी हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इन सभी का उत्साह बढ़ाने के लिए अभिभावकों की भारी भीड़ जमा थी। छात्रों में खेल-भावना व खेलकूद के प्रति प्रतिबद्धता के उद्देश्य से कुल 118 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थी शिक्षक एवं अभिभावकों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया, जैसे कि 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, सैक रेस, टॉफी रेस , बैग रेस , थ्री लेग रेस , स्पून एंड मार्वल रेस, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट व टग ऑफ वॉर। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, सीजीएम - नगर प्रशासन, सेल, बोकारो आवासीय आचार्या स्वामिनी सम्युक्तानंद, अध्यक्ष बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर.एन मल्लिक, पुर्व कोषाध्यक्ष अनुप शर्मा , प्राचार्य सूरज शर्मा, बिपुल कुमार सिंह, प्राचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल ,रंजीत कुमार, प्राचार्य, आदर्श पब्लिक स्कूल उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार थे ।, सभी अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का आरंभ गीता पाठ से हुआ, मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, सीजीएम - नगर प्रशासन, सेल, बोकारो ने मशाल जला कर किया। मुख्य अतिथी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह बढाते हुए कहा कि खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाते हैं, और हमें भारत के विश्व गुरु बनने के लिए खेलकूद को निरंतर बढ़ावा देना चाहिए। खेल जीवन ही जीवन का दर्शन है, यह हमें लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए एकाग्रचित हो हमेशा अभिप्रेरित करता रहता है। हमेशा जीतने की जिज्ञासा बनाए रखता है। बाल-खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एवं सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियो का स्वागत करते हुए विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने खेलकूद का महत्व बताया एवं अभिभावकों को समझाया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेलकूद द्वारा हम अनुशासन, टीमवर्क एवं समर्पण जैसे गुणों को आत्मसात करते हैं। जिससे हमारी एकाग्रचित्तता बढ़ती है और पढाई में भी मन लगा रहता है। चिन्मय विजन प्रोग्राम के अंतर्गत शारीरिक विकास, कक्षागत एवं कक्षेतर गतिविधियों का एक प्रमुख स्तंभ है। प्राचार्य ने विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय धावक उसेन बोल्ट कि प्रशंसा करते हुए उनके जीवन से संबद्धित कई रोचक बाते बता कर बच्चों का हौसला बढाया।

### केन्द्र के स्ट्रीट वेंडर एक्ट को फुटपाथ दुकानदारों के लिए लागू करें प्रबंधन : कुमार अमित

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के ठेका मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, फुटपाथ दुकानदारों, विस्थापितों सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित ने बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद से प्रशासनिक भवन मे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कुमार अमित ने श्री राजन प्रसाद से बोकारो में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए गैर विवादित भूमि उपलब्ध कराने, ठेका मजदूरों को मेडिकल के नाम पर छँटनी न करने, राउरकेला स्टील प्लांट के तर्ज. पर स्थानीय सभी इच्छुक छात्रों को अप्रेंटिस की ट्रेनिंग कराने, चतुर्थ श्रेणी के पदों के विस्थापित एवं स्थानीय युवाओं के लिए पूर्व की भाँति आरक्षित करने, शेष उत्तरी विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा दिलाने हेतु पहल करने, झुग्गी झोपड़ी एवं खटाल वासियों को उचित दर पर बिजली और पानी का कनेक्शन देने, फुटपाथ दुकानदारों को लाइसेंस पर गुमटी आवंटित कर भारत सरकार के स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत स्थायीकरण करने एवं उसमें विस्थापितों को प्राथमिकता देने, अप्रेंटिस की ट्रेनिंग कर चुके विस्थापित युवाओं को नियोजन देने, स्पोर्ट्स कोटा के तहत पूर्व की भाँति खिलाड़ियों को नौकरी देने, विभिन्न सेक्टरों में बंद पड़े स्वास्थ केन्द्रों को आउटसोर्सिंग के तहत प्राइवेट अस्पतालों को देने।

# दक्षिण छोटानागपुर के जोनल आईजी अखिलेश कुमार झा पहुंचे नक्सल प्रभावित क्षेत्र

**बिनय मिश्रा**

दक्षिण छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा, भा0 पु0 से0, पुलिस महानिरीक्षक, द0 छो0 प्रक्षेत्र, राँची एवं श्री मनोज रतन चैथे, भा0 पु0 से0, पुलिस उपमहानिरीक्षक, सिंहभूम (कोल्हान) क्षेत्र, चाईबासा महोदय द्वारा पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा जिलान्तर्गत घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अवस्थित सेरेंगदा कैम्प, औरंगा कैम्प एवं लोढ़ाई कैम्प का औचक निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के क्रम में सेरेंगदा कैम्प, औरंगा कैम्प एवं लोढ़ाई कैम्प में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं जवानों को सुरक्षा संबंधित एवं ह्यह्यनो योर एनेमीह्वह्व की गंभीरता को बताते हुए ब्रिफिंग की गई तथा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं जवानों का हौसला बढ़ाया गया। साथ ही आम ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय हेतु मुण्डा, मानकी एवं ग्रामीणों से सम्पर्क स्थापित कर आम जनता की परेशानियों को सुना एवं त्वरित कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। साथ ही साथ फुटबॉल मैच का आयोजन करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया। विदित हो कि श्री झा इस नक्सल प्रभावित क्षेत्र को भली भांति जानते हैं और इस क्षेत्र का भौगोलिक क्षेत्र से भी भली भांति परिचित हैं क्योंकि भारतीय पुलिस सेवा 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी अखिलेश कुमार झा चक्रधरपुर के एसडीपीओ भी रह चुके हैं इसके अलावे श्री झा अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र चतरा, पश्चिम सिंहभूम, हजारीबाग, जमशेदपुर के एस.पी. भी रह चुके हैं। इसके अलावे डीआईजी पलामु, डीआईजी संथाल परगना एवं डीआईजी राँची के रूप में भी पदस्थापित रहे हैं।







